शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 76 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

**गंगटोक**

सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि 'प्रधानमंत्री उत्तर पूर्व के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनका विजन है कि देश के हर कोने से कनेक्टिविटी रहनी चाहिए।' नड्डा ने कहा कि 'बीते 10 वर्षों में सिक्किम में आए बदलावों को आप खुद देख सकते हैं।' सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

**जेपी नड्डा बोले- मोदी सरकार में बीते 10 वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों को मिले पांच लाख करोड़ रुपये**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के बाद कहा कि 'आपको जानकर खुशी होगी कि मोदी जी के द्वारा पूर्वोत्तर में पांच लाख करोड़ रुपये, पिछले 10 वर्षों में खर्च किए गए हैं। पिछली सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को उनके हाल पर छोड़ दिया था। कांग्रेस का काम करने का यही तरीका है। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने ही 'लुक ईस्ट, एक्ट ईस्ट' और 'एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट' नीति बनाई।' नड्डा ने कहा कि 'प्रधानमंत्री द्वारा सिक्किम में करीब 55 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है।' पार्टी का घोषणा पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया। इस दौरान सिक्किम भाजपा के प्रभारी दिलीप जायसवाल, सिक्किम के भाजपा अध्यक्ष डॉ. थापा और अन्य नेता भी मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब बहुत हो गया।

# 'कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं'

## कांग्रेस नेताओं ने तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिराकर उनकी जमीनों पर कब्जे किए: मोदी

**करौली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं। कांग्रेस नेताओं ने तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिराकर उनकी जमीनों पर कब्जे किए। यहां रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए जाते थे। जिस राजस्थान के धौलपुर ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद बने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर पर कांग्रेस पार्टी के नेता कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्रतिष्ठा का बहिष्कार तक किया। मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है, हर पल देश के नाम है। इसलिए कहता हूं, 24 गुणा 7 फॉर 2047। प्रधानमंत्री गुरुवार को करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करौली बता रहा है कि चार जून को 400 पार। राजस्थान कह रहा है फिर मोदी सरकार। राजस्थान के हर घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस युवाओं की सरकारी नौकरी में लूट के मौके तलाशती है। पेपर लीक की फैक्टरी तैयार कर दी थी। कल कांग्रेस के बड़े नेता ने कहा है, कच्चातीवु टापू है। क्या वहां कोई रहता है क्या? फिर ये रेगिस्तान को क्या कहेंगे, कोई रहता है। कल ये कांग्रेसी राजस्थान जैसे सीमावर्ती राज्य की खाली जमीन ये ही कहकर किसी भी देश को दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता समझ रहे हैं, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। राजस्थान के बलिदानी वीर शहीदों के घर जाकर पूछो, उनके गांव की मिट्टी बताएगी, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है। कश्मीर की धरती पर राजस्थान के कई वीरों ने बलिदान दिया है।



"जिस राजस्थान के धौलपुर ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद बने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर पर कांग्रेस पार्टी के नेता कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं"

## 'कांग्रेस के शहजादे विदेशों में कहते हैं, भारत कोई राष्ट्र नहीं है'

**मोदी** ने कहा कि राजस्थान कैसे पानी की मुसीबतों से गुजर रहा है, मैं समझता हूं। इसलिए समस्या के समाधान खोजने के लिए रास्ते खोजते रहते हैं। हम हाथ जोड़कर नहीं बैठे रहते। कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का पाप किया, भाजपा ने उसे सेवा, जिम्मेदारी और जवाबदेही का काम मानकर उसे पूरा किया। आने वाले समय में राजस्थान के हर घर-घर में पानी पहुंचेगा, ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरूआत की



लेकिन कांग्रेस में उसमें भी घपला किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं की कितनी पीढ़ियों की जिंदगी कांग्रेस की उपेक्षा के कारण तकलीफ से गुजरीं। कांग्रेस ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को न कभी अवसर दिया और न सम्मान दिया। भाजपा ने 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए। 11 करोड़ परिवार के लिए शौचालय बनवाए। भाजपा सरकार ने चार करोड़ लोगों को पक्के घर दिए। मोदी ने कहा कि ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने उन समस्याओं के समाधान निकाले, जिन समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे। जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान में पानी की समस्या होती थी। चार दशकों से हम पानी के लिए परेशान हो रहे थे। ईआरसीपी को कांग्रेस लटकाती और भटकाती रही।

## हमारे प्रधानमंत्री की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी: सीएम भजनलाल शर्मा



**पीएम** ने राजस्थान में भाजपा सरकार आते ही डेढ़ महीने में इसे स्वीकृत किया। राजस्थान की सरकार ने जो वादे किए थे वो एक-एक कर पूरे कर रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। एक-एक गारंटी को पूरा कर रहे हैं। 2014 के बाद पीएम मोदी ने ऐतिहासिक काम किए हैं। कोरोना महामारी के समय पूरी दुनिया घबराई हुई थी। छोटे-छोटे देश कहते थे, इसमें भारत का क्या होगा। पीएम के नेतृत्व में कोरोना की महामारी से लोगों को बचाने का काम किया और दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया।

कोरोना की महामारी में पूरी दुनिया घबराई थी। लोग कहते थे कि इतना बड़ा जनसंख्या वाला देश भारत का क्या होगा? लेकिन प्रधानमंत्री ने हमारे देश को बचाने का काम तो किया, बल्कि दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया। रक्षा सौदों में हम विदेश पर निर्भर रहते थे। आज हम रक्षा सौदे में पूरा सामान बनाने का काम करते हैं और हमारे मित्र देशों की जरूरत भी पूरी हो रही है। अब शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्र में भी हम आगे हैं। वंदे भारत 2019 में पहली बार शुरू की और आज सभी प्रदेश इससे जुड़ चुके हैं। हमारे पूर्वी राजस्थान में सबसे बड़ी समस्या पानी की थी। प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी जैसी योजना को पूरा करने का काम किया है।

## राज्य में सीएए, एनआरसी लागू नहीं होने देंगी: ममता बनर्जी

**कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने देंगी। ईद के मौके पर कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चुनाव में दंगा कराने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको उनके झांसे में नहीं फंसना है।' ममता बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की ईद है, ताकत देने वाली ईद है। ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चाहते हैं कि इस चुनाव के दौरान एजेंसियों के नाम पर लोगों को डराया



जाए। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं उनसे (भाजपा) कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।'

'इस समय जब चुनाव नजदीक हैं तो देश के कुछ मुसलमान नेताओं को फोन करके उन्हें लुभाने की कोशिश की जा रही है।'

## सबसे खराब समय पीछे छूटा, अब परिचालन स्थिर: विस्तारा सीईओ

**नई दिल्ली**

**विस्तारा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने गुरुवार को एयरलाइन के कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि अब ह्यसबसे खराब स्थिति पीछे छूट गई है और परिचालन स्थिर हो चुका है। कन्नन ने हाल ही में विस्तारा एयरलाइन के उड़ान व्यवधानों का सामना करने के बाद यह बात कही।

## सरकार के लिए सबसे पहले देश की सुरक्षा: जयशंकर

**आइजोल**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि केंद्र ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया है। क्योंकि सरकार देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। आइजोल में भाजपा का घोषणा-पत्र जारी करने के बाद पत्रकारों से बातचीत जयशंकर ने यह बात कही।

**पड़ोसी देश म्यामांर एक संकट से गुजर रहा- जयशंकर**

गौरतलब है कि फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद अपने देश से भागने के बाद म्यांमार के हजारों लोगों ने कई उत्तर-पूर्वी राज्यों खासकर मिजोरम में शरण ली है। मुझे लगता है कि हमारे देश की



सुरक्षा, मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। लेकिन अभी हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वे एक निश्चित स्थिति के जवाब में हैं। अभी भी हमारा पड़ोसी एक संकट से गुजर रहा है। अगर म्यांमार में चीजें सामान्य होतीं तो ऐसा नहीं होता।

**यह जरूरी है कि हम सावधानी बरतें:** जयशंकर ने कहा कि केंद्र लोगों के हितों, परंपराओं, रीति-रिवाजों और सीमा पार रिश्तों के प्रति बहुत संवेदनशील है। प्रस्तावित सीमा बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल यह महत्वपूर्ण है कि हम सावधानी बरतें। इसलिए हम चाहते हैं कि लोग समझें कि यह आज की स्थिति की प्रतिक्रिया है।

**क्या है एफएमआर?**

केंद्र ने फरवरी में भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया। एफएमआर भारत-म्यांमार सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है। भारत म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और विशेष रूप से मिजोरम, पड़ोसी देश के साथ 510 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। 28 फरवरी को भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के केंद्र के फैसले के विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया था।

## कांग्रेस ने हिमंत बिस्व सरमा को दिलाई पहचान: जयराम



**गुहावटी**

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अ**सम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर निशाना साधा। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस ने सरमा को पहचान दी है और यही वजह है कि वह हर समय इसके बारे में सोचते रहते हैं।

**कांग्रेस नए तरीके से खुद को मजबूत कर रही**

जयराम रमेश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अवसरवादी नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस नए तरीके से खुद को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह 'अमृत काल' है, लेकिन वास्तव में यह 'अन्याय काल' है। किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और पिछड़ों के साथ अन्याय हुआ है। यह चुनाव पिछले 10 साल के अन्याय से मुक्ति पाने के लिए है। कांग्रेस के पास 25 गारंटी के साथ भारत को अन्याय से मुक्त कराने का समाधान हैं। यह किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि पार्टी की गारंटी है।'

**हां, मणिपुर सिर्फ ट्रेलर था**

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री यह भी कहते हैं कि पिछले 10 साल सिर्फ ट्रेलर थे और तस्वीर अभी बाकी है। हां, मणिपुर सिर्फ ट्रेलर था और अगर हम फिर से भाजपा को चुनते हैं तो हम पूरी तस्वीर देखेंगे। वे समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ लड़वाने में माहिर हैं। उन्होंने दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान और देश की विविधता को बचाने का चुनाव है।

**सरमा विश्वासघात कर भाजपा में शामिल हुए**

उन्होंने कहा, 'सीएम सरमा को कांग्रेस ने पहचान दी। वह पहले कोई नहीं थे। तरुण गोगोई के सीएम रहने के दौरान 15 साल तक मंत्री रहे।

## तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन पर कोर्ट की सख्ती

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय तटरक्षक बल में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध किया रहा है, जबकि सेना, वायुसेना और नौसेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन का लाभ मिल रहा है। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर विचार करने का फैसला लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित याचिका को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।



सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सेना, वायुसेना और नौसेना की अन्य शाखाओं में समान रूप से नियुक्त महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों के आलोक में यह निर्देश दिया। शीर्ष अदालत महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी के दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें उप कमांडेंट के रूप में सेवा जारी रखने की अंतरिम राहत से इन्कार कर दिया गया था।

**लगाई थी फटकार**

सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध करने के लिए तटरक्षक बल को फटकार लगाई थी।

## लोकसभा चुनाव: तीसरे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना शुक्रवार को जारी होगी। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों पर मतदान 07 मई को होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर भी मतदान 07 मई को ही होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। इस चरण में असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी दो, गोवा की सभी दो, गुजरात की सभी 26, जम्मू एवं कश्मीर की एक, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की 8, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी जबकि 22 अप्रैल तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे।

# नारनौल स्कूल बस हादसा, सात बच्चों की मौत, 15 घायल

## नियमों की धज्जियां उड़ाकर चल रही थी बस, स्कूल बस चालक के शराब पीने की सूचना है, मेडिकल करवाया जा रहा है: एसपी

**चंडीगढ़/महेंद्रगढ़/एजेंसी**

हरियाणा के नारनौल में गुरुवार की सुबह भीषण हादसे में मरने वाले बच्चों की संख्या सात हो गई। इस हादसे ने प्रशासनिक व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। स्कूली बच्चों को लाने वाली बस नियमों की धज्जियां उड़ाकर चल रही थी। दरअसल, नारनौल जिले के अंतर्गत आते कनीना ब्लाक के गांव उन्हानी में गुरुवार की सुबह




एक स्कूल बस पलटने से सात बच्चों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए हैं। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने जिला उपायुक्त से रिपोर्ट मांग ली है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। कनीना में स्थित यह स्कूल करीब 22 साल पुराना है, जो 12वीं कक्षा तक संचालित है। इस स्कूल के मालिक राजेंद्र लोढ़ा हैं, जो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से संबंध रखते हैं। लोढ़ा नगरपालिका कनीना के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। हरियाणा में ईद की छुट्टी के बावजूद स्कूल खुला था। पुलिस अभी गहनता से मामले की जांच कर रही है लेकिन परिवहन मंत्रालय के ऑफिशियल मोबाइल ऐप के अनुसार इस स्कूल बस के डॉक्यूमेंट भी कंप्लीट नहीं हैं। फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर दिखाया जा रहा है। इसके बाद भी स्कूल इस बस को चला रहा था। महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि साढ़े 8 बजे की घटना है। ड्राइवर के शराब पीने की सूचना है। हम ड्राइवर का मेडिकल करवा रहे हैं। वह नशे में था या नहीं, वह मेडिकल के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने बताया कि चालक तेज गति से स्कूल बस चला रहा था, जिस वजह से बस रोड से फिसल गई और पेड़ से टकरा गई। उन्होंने कहा कि अभी तक 6 बच्चों की मौत की सूचना है। इसी बीच एक अन्य बच्चे की अस्पताल में मौत की खबर मिली लेकिन उसका ब्यौरा अभी नहीं आया है। घटना में 15 से 20 बच्चे घायल हालत में हैं। इनमें से 1-2 बच्चों की हालत गंभीर है।एसपी ने बताया कि ईद की सरकारी छुट्टी होने के बाद भी स्कूल खोला गया है। इसकी भी जांच की जा रही है। अभी तक स्कूल अथॉरिटी से संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान देखेंगे कि इस मामले में स्कूल की क्या जिम्मेदारी बनती है, उस हिसाब से कार्रवाई करेंगे।

# मानसिक तनाव से क्षुब्ध युवक ने आग लगाकर दी जान

## तनाव से ग्रसित युवक आए दिन घर मे करता रहता है तांडव

अखंड भारत संदेश।





**मांडा।** क्षेत्र के कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित बघौरा पट्टी में मानसिक तनाव से परेशान होकर एक युवक ने आग लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंचे मंडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर के लिए भेज दिया। बता दें कि मांडा थाना क्षेत्र के कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित बघौरा पट्टी गांव निवासी रामनारायण हरिजन 32 वर्षीय बेटा लालचंद मानसिक तनाव में आकर गुरुवार को सुबह लगभग 9 बजे आग लगाकर आत्महत्या कर ली । जिससे आसपास के लोग शोरगुल सुनकर किसी तरह आज पर काबू पाया तब तक लालचंद की मौत हो चुकी थी वहीं मृतक की पत्नी घटना की जानकारी पर मायके से ससुराल पति के घर पहुंची तो बेहोश होकर गिर पड़ी। मृतक के दो बच्चे नीरज उम्र 11 नीरजा उम्र 9 की भी रो रो को बुरा हाल है। मृतक अपने पिता का इकलौता कमायु बेटा था। तथा मृतक की मां का आठ वर्ष पहले ही देहांत हों चुका हैं। उक्त घटना से सभी के आंखे नम हो गई। मृतक के पिता राम नारायण हरिजन ने मांडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 32 वर्षीय लालचंद्र विगत दिनों से मानसिक तौर पर बीमार चल रहा था। परिजनों ने इलाज के लिऐ बीते बुधवार बोलेरो से लालचंद्र को ले जाना तय था लेकिन लालचंद्र ने बोलरो को क्षति ग्रस्त कर चालक को भगा दिया। मृतक के पिता ने बताया कि एक बार छत से कूद कर जान देने की भी कोशिश भी थी। जिसमें युवक को कई जगह चोटे भी आई थी । लेकिन गुरुवार को जब खाना पकाने की तैयारी कर घर के अंदर से माचिस लेकर जैसे ही बाहर निकला तो लालचंद के पिता माचिस छीनना चाहा तब तक युवक ने अपने ही मढहे में आग लगा दी। आग लगाकर तांडव शुरू कर दिया पिता उसे बचाने का बहुत प्रयास किया पर उसके ऊपर पथराव करना चालू कर दिया तब तक आग भयावह रूप धारण कर युवक उसके चपेट में उसकी मौत हो गई पिता शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और आग पर किसी तरह काबू पाया। परिजनों की सूचना पर पहुंचे मांडा थाने के एसआई शैतान सिंह, अरुण कुमार शुक्ला, कांस्टेबल हरे राम राय, ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। वही इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पूर्व प्रधान के निधन मे शोक की लहर

**मांडा- प्रयागराज।** विकासखंड मांडा के बरहा कला ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान के आकस्मिक निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ पड़ी है। निधन को लेकर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। आज उनका स्थानीय गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। मांडा ब्लॉक कर बरहा कला गाव के रहने वाले जय नारायण विश्वकर्मा (85) ग्राम पंचायत के तीन पांचवर्षीय ग्राम प्रधान रहे। वह साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष होने के साथ प्रवक्ता भी रहे। वर्षो से वह बीमार चल रहे थे। स्वजनों द्वारा इलाज भी कराया जा रहा था। स्वस्थ मे काफी सुधार था। अचानक गुरुवार की शाम उनका आकस्मिक निधन हो गया। इससे स्वजनों मे कोहराम मच गया। इसकी सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो शोक की लहर दौड़ पड़ी। वहीं वर्तमान ग्राम प्रधान प्रीति यादव, समाजसेवी शिवधारी यादव, राजधर यादव (बाबाजी) राजरश विश्वकर्मा, ढीलिया के प्रबंधक कृष्ण विजय सिंह यादव, मांडा द्वितीय के जिला पंचायत सदस्य मोतीलाल यादव, प्रमिल यादव, आंधी पूर्व प्रधान शंकर लाल यादव, गौरीशंकर यादव, दिनेश चंद्र यादव (प्रधानाचार्य) शित तमाम लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

# ईदगाह में रोजेदारों ने पढ़ी नमाज, अर्ध सैनिको के साथ पुलिस बल तैनात



**मांडा।** गुरुवार सुबह अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की गई गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को दी बधाई। मुल्क की हिफाजत अमन व शांति तथा परस्पर भाईचारे के लिए गुरुवार को ईद पर खुदा के बारगाह में उठे हजारों हाथो ने एक साथ दुआ मांगी । ईद की नमाज के बाद गले मिलकर ईद की बधाइयां व सेवइयों की मिठास के साथ बाटी। वहीं एसडीएम ,सीओ , एडीसीपी के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस व प्रशासनिक अफसर डटे रहे। भारतगंज कस्बे के कटरा मोहल्ले के बड़े ईदगाह में लगभग छः हजार लोगों ने आबाल वृद्ध नए परिधानों वह इत्र की खुशबू के साथ ईद की नमाज प्रातः 8 बजे शुरू की। भारतगंज कस्बे के पठान मस्जिद इस्लामिया इस्लाम मस्जिद मांडा खास स्थित मस्तान शाह बाबा ईद की नमाज अदा की गई। इसी तरह मांडा क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की गई।




# भीषण आग से गेहूं की 20 बीघा फसल जलकर खाक

## सड़क न होने की वजह से नहीं पहुंच पाई दमकल की गाड़ियां

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के देवखरिया गांव में गुरुवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे अचानक लगी भीषण आग की वजह से किसानों की करीब 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेतों में कटाई का काम कर रहे लोगों के द्वारा बताया गया कि अचानक से खड़ी फसल में आग लगती है और जब तक वह सब कुछ समझ पाते देखते ही देखते आग पूरे खेतों में फैल गई। धुएं का गब्बर देखकर ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़े और प्रशासन के नंबरों पर भी फोन लगाया गया। फायर ब्रिगेड को सूचना तो दे दी गई लेकिन आजादी के बाद भी देवखरिया गांव में सड़क मार्ग ना हो पाने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना वाली जगह पर नहीं पहुंच सकी किसानों ने ही अपनी जान जोखिम में डालकर आग को बुझाने में लग रहे। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन खेतों में रखी हुई गेहूं की फसल को नहीं बचा पाए। जिन खेतों की कटाई हो गई थी कटी फसल के साथ-साथ खड़ी फसल भी जल कर राख हो गई। लोगों ने शंकरगढ़ थाने में सूचना दी। साथ ही तहसील की टीम भी मौके का जायजा लेने के लिए घटना वाली जगह पर पहुंच गई। भीषण आगजनी में धर्मेंद्र त्रिपाठी की चार बीघा, चंद्रशेखर मिश्रा दो बीघा चंद्रमा प्रसाद त्रिपाठी की तीन बीघा, शीतला प्रसाद मिश्रा की दो बीघा, सूर्य नारायण त्रिपाठी की दो बीघा, प्रेम सागर मिश्रा केशव मिश्रा सहित लगभग 20 बीघा फसल का नुकसान हुआ। तहसील से आए हुए अधिकारियों ने हर संभव मदद एवं मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# कुरान पाक को मजबूती से पकडे रहो, नमाज को कत्तई न छोडो : मौलाना उमैर कमाल

## ईदुल फितर के मौके पर ईदगाह बांदीपुर में महिलाओं और पुरूषों का उमड़ा जनसैलाब

**मऊआइमा।** रमजानुल मुबारक का महीना खत्म हो गया।जिस तरह तुम रमजानुल मुबारक के माह में नमाज अदा करते थे और इबादत करते थे। कुरान पढते थे इसी प्रकार ईद के बाद भी मजबूती से कुरान, नमाज पढते रहना।उक्त बातें ईदगाह बांदीपुर में मौलाना उमैर कमाल ने अपने खुतबा में फरमाए। मौलाना ने फरमाया कि यदि तुम नमाज, कुरान पाक को मजबूती से पकडे रहे तो कभी गुमराह नहीं होगे। मौलाना ने फरमाया यदि तुम दीन के बताए हुए नेक कामों पर अमल करते रहे तो कभी गुमराह नहीं होगे। मौलाना ने ईदुल फितर की विशेष नमाज के बाद खुतबा में सभी मर्द औरतों को नसीहत दी।अन्त में मौलाना ने मुल्क में अमन शान्ति के लिए दुआ कराई।





### मऊआइमा कस्बा में लगा ईद का टर्र मेला, उमडी भीड़, बच्चों बड़ों ने मेले का उठाया लुत्फ, सजीं दुकानें

**मऊआइमा।** मऊआइमा में ईद के दिन से तीन दिनों तक टर्र का मेला लगता है। जिसमें भारी भीड उमड पडती है।इस बार महिला, पुरुष कांस्टेबलों की सख्त पहरा है। प्रथम दिन ईदगाह पर नमाज के बाद लोग बच्चों को ईद का मेला देखाते हैं। शाम होते ही यह मेला सदर बाजार,नाटी इमली आदि स्थानों पर लग जाता है । मऊआइमा कस्बा में यह लगातार तीन दिनों तक मेला रहता है। जिसमें फाफामऊ, सोरांव, प्रतापगढ़ जिले के आस पास सैकड़ों गांव से लोग परिवार के साथ मेला देखने झूला झूलने आते हैं। बताते हैं कि ईद का मेला शहर के रोशनबाग के बाद मऊआइमा में ही लगता है।जिसमें अनेकों प्रकार के व्यंजन की बिक्री होती है। पुलिस चुनौंटा कुआं एंव तीन बत्ती का रास्ता लॉक कर देती है। केवल पैदल ही लोग जाते हैं जहां हजारों की भीड रहती है।

# नैनी क्षेत्र में वाहन में हवाई जहाज को ले जाते हुए लोग देखे तो हैरान हो गए

## मेवा लाल बगिया से आईटीआई गेट तक पहुंचते शाम हो गई




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवा लाल बगिया तिराहे के समीप का नजरा जब एक वाहन में हवाई जहाज को ले जाते हुए देखा तो हर कोई अपने कमरे में तस्वीर उतारने में जुटे रहे। वही बातचीत करते हुए गाड़ी चालक एवं गाड़ी के साथ जो थे उन्होंने बताया कि यह हवाई जहाज वेस्ट बंगाल से 10 दिन पहले चला है इसको नागपुर जाना है। रीवा रोड होकर जाना था लेकिन पुलिया पढ़ने की वजह से मिजार्पुर रोड होते हुए नागपुर जाएगी।

# दर्शन पूजन के साथ तीसरे दिन पूजी गई मां चन्द्रघंटा

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** नवरात्रि के तीसरे दिन मां जगदम्बा का चन्द्रघंटा स्वरूप का भक्तों ने दर्शन पूजन के लिए क्षेत्र के देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में विधि विधान से पूजन अर्चन और दर्शन किया। नारियल, चुनरी, बताशा, फल एवं पुष्प अर्पित कर भक्तों ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मां का पूजन अर्चन किया। देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शन पूजन का दौर चलता रहा। इससे पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। इसी तरह सहसों बाजार स्थित रामलीला मैदान में स्थापित पूजा पंडाल में मां आदिशक्ति, प्राचीन दुर्गा मंदिर ललचहां, मां मसूरियन माता मंदिर चकिया घरहरा, देवी मंदिर रामनाथ पट्टी सहित आदि मंदिरों एवं पूजा पंडालों में तड़के सुबह से ही महा आरती के बाद दर्शन पूजन का क्रम शुरू हुआ। नवरात्र के पहले दिन से ही भक्तों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। क्षेत्र के पूजा पंडालों में सुबह की अपेक्षा शाम को भक्तों की भीड़ अधिक हो रही है। वहीं श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने अपने घरों में भी पहले दिन से ही कलश स्थापना कर मां की आराधना, उपासना, धूप दीप, नैवेद्य आदि के साथ आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी एवं आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि मां का तीसरा स्वरूप चन्द्रघंटा जो साधक का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है इनकी आराधना सदा फलदाई होता है।



# पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च कर, ग्रामीणों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**जारी।** आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिन गुरुवार को जारी कस्बे में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च कर क्षेत्रीय ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कौंधियारा थाना अध्यक्ष की अगुवाई में क्षेत्र के जारी, कौंधियारा, में ग्रामीणों को आगामी लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान किए जाने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया। लोगों से आगामी आने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान किए जाने को लेकर अपील की गई। क्या कहते हैं जिम्मेदार- कौंधियारा थाना अध्यक्ष ने बताया कि सर्किल के कौंधियारा थाना क्षेत्रों में पैरामिलिट्री फोर्स बलों के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है ।जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो सके। साथ ही साथ लोगों से कहा कि अगर कोई भी दबंग किस्म का व्यक्ति अनावश्यक रूप से मतदाता को परेशान करता है ।प्रलोभन देता है ।तथा वोट न डालने की धमकी देता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे पुलिस ऐसे अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी। फ्लैग मार्च में कौंधियारा थाना प्रभारी सी पी सिंह जारी चौकी प्रभारी विपिन कुमार वर्मा समेत भारी पुलिस बल एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।



# तीसरी बार 3 लाख पार : सांसद विनोद सोनकर

## सांसद विनोद सोनकर का हुआ भव्य स्वागत, हजारों कार्यकताओं ने माला पहनाकर कर किया स्वागत



अखंड भारत संदेश

**कुण्डा प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीसरी बार कौशाम्बी लोकसभा से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर का प्रथम आगमन गुरुवार को हुआ। जनपद प्रतापगढ़ की सीमा ब्रहमौली पर हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने सांसद विनोद सोनकर को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सांसद विनोद सोनकर लखनऊ से कौशाम्बी जिला अध्यक्ष धर्म राज मौर्य, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, मनोज तिवारी, अखिलेश द्विवेदी सहित कई नेताओं के साथ जनपद की सीमा पर पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सांसद का स्वागत करते हुए

### मां ज्वाला देवी धाम मानिकपुर में सांसद ने किया दर्शन पूजन

**कुण्डा प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर गुरुवार को मानिकपुर में माँ ज्वाला देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद नई बाजार में शंकर जी के मंदिर में दर्शन किया। मानिकपुर नगर पंचायत कार्यालय के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।

### सैकड़ों गाड़ियों के काफिले से निकले सांसद विनोद सोनकर

**कुण्डा।** गुरुवार को जनपद की सीमा पर सांसद विनोद सोनकर को कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद सैकड़ो गाड़ियों के काफिले से सांसद विनोद सोनकर ने रोड़ शो के माध्यम से अपनी मजबूत पकड़ दिखाई। जगह जगह कार्यकताओं ने सांसद को फूल मालाओं से लाद दिया। कुण्डा नगर में कार्यकर्ता पैदल जिन्दाबाद करते हुए आगे चल रहे थे।

सांसद के साथ कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते रहे। सांसद विनोद सोनकर ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद से पिछले 10 वर्षो से आपकी सेवा में रहा। इस दौरान क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता रही। आज पुनः मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता के ऊपर पार्टी ने जो विश्वास जताया है। उस पर खरा उतरने का मेरा प्रयास रहेगा। आपके आशीर्वाद से कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार कमल खिलने जा रहा है। अबकी बार 400 पार का संकल्प है। कौशाम्बी लोकसभा के कार्यकताओं ने तीसरी बार 3 लाख पार का संकल्प लिया है। जिस तरह से इस बार कार्यकताओं में खास कर कुण्डा बाबागंज में उत्साह दिखा है। इससे यह निश्चित हो गया कि इस बार कौशाम्बी लोकसभा से ऐतिहासिक विजय प्राप्त होगी। इसके बाद सबीसपुर, नवाबगंज, आलापुर, मानिकपुर, भड़चक, तिवारीपुर, मवई फाटक, मन्नान की बाजार,गांधी नगर तिराहा,भगवन तिराहा, मेन चौराहा, करेंटी रेलवे फाटक,नई बाजार,पूरेधनऊ, करेंटी मोड़, बुलाकीपुर, गोतनी, पाटीहार, मानिकपुर में उत्साही कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद लेहदरी गंगा पुल से जनपद कौशाम्बी की सीमा में प्रवेश कर गये। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी सिन्धुजा मिश्रा, सांसद मीडिया भूपेन्द्र पाण्डेय, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, चन्द्र लता जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सरोज त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, उदय शंकर पाण्डेय, गौरव शुक्ल, मोहित मिश्र, अनिल पटेल, सिद्वार्थ शंकर श्रीवास्तव, मोनू शुक्ल, प्रमोद तिवारी, गौरव सिंह, डॉ मनोज पाण्डेय, सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव, देव राज मौर्य, गोलू शुक्ल, मुन्ना मिश्र सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।







# ईदगाह-मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज अमन-चैन के लिए मांगी दुआ, हिन्दुओं ने नमाजियों पर बरसाये फूल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रमजान माह के 30 दिन का रोजा पूरा होने के बाद आज गुरुवार को ईद मनाई जा रही है। शिया मुस्लिमों ने तो कल बुधवार को ही ईद मनाई थी लेकिन सुन्नी मुसलमानों में आज ईद का जश्न मनाया जा रहा है। एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी जा रही है। आज सभी मस्जिदों में नमाज अदा की जा रही है।रामबाग स्थित ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजी नमाज अदा करने के लिए पहुंचे थे। यहां पर नमाजियों पर पुष्पवर्षा भी की गई। सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह भी ईदगाह पहुंचे थे, उन्होंने ईद की बधाई दी। इसी तरह अन्य राजनीतिक पार्टी के लोग यहां मौजूद रहे।

### मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में हो रही पुष्प वर्षा

पुराने शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में कल शाम से ही रौनक बढ़ गई थी। आज सुबह 9 बजे ईदगाह में नमाज पढ़ी गई। इसके पहले सुबह 7:30 बजे शाही मस्जिद मीरापुर में, चौक जामा मस्जिद में 8:30 और 9:30 बजे, गौस मस्जिद करेली में भी 9:30 बजे नमाज पढ़ी जाएगी। खानकाह दायरा शाह अजमल में सुबह 10:30 बजे की टाइमिंग है। इसी तरह बड़ा ताजिया मस्जिद 7.45 बजे, मस्जिद इमाम ए सज्जाद दरियाबाद में सुबह 8:30 बजे, मस्जिद मोहम्मदी करेली लेबर चौराहा पर सुबह आठ बजे नमाज की गई।

### पुलिस की सख्ती, मस्जिदों के पास फोर्स

ईद को देखते हुए आज एहतियातन बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की गई थी। मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम इलाकों में फोर्स लगाई गई है। दो दिनों से बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग निकल रहे थे। कपड़े और सेवईंयां तथा अन्य सामानों की देर शाम तक लोग जमकर खरीदारी करते रहे।

# माँ काली के जयकारों की रही गूंज



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** कोटवा स्थित मां अन्नपुर्णा धाम बुड्ढी मइया मंदिर पर नवरात्र महोत्सव का अनुष्ठान चल रहा है। मंदिर पर नवदुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा का भव्य सिंगार किया गया साथ ही काली माता की मनमोहक झांकी निकली गई। तो मा काली व चंद्रघण्टा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रतिदिन सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर में पूजा अर्चना आरंभ होती है। विद्वान पंडितो द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। शाम को महा आरती, प्रसाद के बाद देर रात तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा। मंदिर के पुजारी अवदेश पुष्पाकर, बंगाली बाबू, हरिकेश सिंह, हर्षित, सृजन मिश्रा, शांतनु, अंशू, सुमित, भोलू, मोतीलाल आदि व्यवस्था में लगे रहे।

# नैनी के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई

**एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दिए**

**नैनी।** नैनी के स्टेशन रोड पर स्थित ईदगाह में नमाज के लिए बड़ी जमात जुटी थी। लोगों ने मुल्क के अमन, चैन के लिए दुआ मांगी। मुस्लिम मोहल्लों में सजावट की गई है। बच्चों में इस त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नैनी स्टेशन रोड के रहने वाले समाजसेवी शेख लियाकत अली राजा भाई बताते हैं कि ईद का त्योहार खुशियों और भाईचारे का त्योहार है। रमजान का पाक महीना पूरा होने के बाद शव्वाल महीने की पहली तारीख को ईद का त्योहार मनाया जाता है। बुधवार शाम शव्वाल का चांद नजर आया जिससे यह पुष्टि हो गई कि गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। ईद के दिन सबसे पहले नमाज अदा की जाती है। नैनी के रहने वाले समाजसेवी परवेज अहमद बताते हैं कि नमाज के बाद एक खास दुआ भी होती है, जिसमें पूरे विश्व के लिए शांति और अमन की कामना की जाती है। ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोग गले लगकर एक दूसरे को ईद के त्योहार की बधाई देते हैं नमाज के बाद घर जाकर मीठा खाने का रिवाज होता है। इसी वजह से ईद पर मुस्लिम लोग एक दूसरे के घर जाते हैं और मीठा खाने के बाद ईद की मुबारकबाद देते हैं। मीठे पकवानों में ईद के दिन सेवइयां और शीर खुरमा या खीर को जरूर बनाया जाता है। इसके अलावा भी दस्तरखान पर तरह-तरह के पकवान सजाए जाते हैं। नैनी के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।







## पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त

**प्रयागराज।** थाना कीडगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार अगली कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी कीडगंज के नेतृत्व में गुरुवार को उपनिरीक्षक मनीष कुमार सिंह व उपनिरीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह चौकी प्रभारी बैरहना ने पुलिस टीम के साथ वांछित अभियुक्त विद्याशंकर पाण्डेय पुत्र स्व. शारदा प्रसाद पाण्डेय निवासी 207/3 पूराबल्दी तम्बाकू वाली गली थाना कीडगंज को मुखबिर खास की सूचना पर 10 अप्रैल को कस्बा बरौत थाना क्षेत्र हण्डिया से गिरफ्तार किया गया।

# ईद पर्व के दौरान ईदगाह पर नमाजियों ने अदा किया नमाज, चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ईद पर्व के दौरान कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईदगाह जहां लाखों की तादाद में नमाजियों ने नमाज अदा किया इसी दौरान डीसी पीसी के सदस्यों के द्वारा अजीत सिंहा जी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी प्रयागराज एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह जी निर्देशन में मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया गया आज के जागरूकता कार्यक्रम का मौका मुवायना करते हुए अपर जिला अधिकारी मदन कुमार जी पुलिस उपायुक्त दीपक भुकर जी नगर,सचिव डीसी पीसी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया आज के जागरूकता अभियान में लक्ष्मीकांत मिश्रा शोएब आलम मनोज कुमार सिंह, संदीप सोनी रोहित सिंह सचिन केसरवानी हिमांशु केसरवानी आकाश वर्मा अभिषेक यादव, यस म सिंह चमन, राजेश कुमार, जयप्रकाश जयसवाल जी उपाध्याय जी, सरदार हरविंदर सिंह फैयाज अली फैजी मोहम्मद यासीन कयामुद्दीन मोहम्मद दानिश इरफान अहमद शकील खान हिंदुस्तानी श्रवण कुमार गौड़ मोहम्मद राजू आदि हैंडी के माध्यम नमाजियों को 25 मई को होने वाले मतदान के लिए आग्रह किया उक्त जागरूकता अभियान में सदस्यों का उत्साहवर्धन हेतु पुलिस उपायुक्त दीपक भुकर जी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली मनोज सिंह जी तिवारी जी, प्रभारी निरीक्षक जॉर्ज टाउन राजीव श्रीवास्तव जी, ने जनपद में जागरूकता अभियान को और तीव्र गति देने के लिए कहा और अपना पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।




# ईदगाह सहित सभी छोटी बड़ी मस्जिदो में तीस रोजे मुकम्मल कर पढ़ी गई ईद उल फित्र की नमाज

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** रमजान में एक महीने तक रोज और इबादत में गुजरने के बाद हर्षोल्लाह से साथ मनाया गया ईद ईद की नमाज अदा करने के बाद मुबारक बाद और ईदी देने का सिलसिला जारी रहा नमाज के निर्धारित वक्त से पहले लोग मस्जिद व ईदगाह में पहुंच गए करीब तिस मिनट तक अकीकत से नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ईद पर झूसी के ईदगाह मालवा बुजुर्ग कनिहार बहादुरपुर सबसे ज्यादा उल्लास दिखाई दिया यह नमाज अदा करने के लिए अलग-अलग मोहल्ले से लोग आए ईदगाह से लेकर अन्य सभी मस्जिदों में सुबह से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नमाज अदा की लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की बधाई दे रहे हैं सभी के घरों में कई तरह के पकवान बने गए हैं बच्चे बूढ़े महिलाएं सभी ईद की खुशियों में जुटे वही थाना अध्यक्ष झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ ईदगाह से लेकर हर मस्जिदों के आसपास फोर्स के साथ मौजूद रहे।





## अकीदत के साथ अदा की गई ईद की नमाज प्रशाशन एवं एसपीओ टीम रही तैनात



**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड स्थित शाही ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा किया गया। शांति सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नैनी कोतवाली की पुलिस मौजूद रही।वहीं पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उपप्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर नैनी क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में पुलिस प्रशासन के साथ विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के सदस्यों को तैनात किया गया सभी सदस्य अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आम जनमानस तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन की सेवा में मौजूद रहे तथा शांतिपूर्वक ढंग से ईद उल फितर की नमाज अदा करवाने में अहम भूमिका निभाई। एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद की नमाज अदा करने के लिए एसपीओ टीम सेवा में मौजूद हैं। एसपीओ टीम पिछले कई सालों से पुलिस मित्र के रूप में अपने कार्यकताओं के साथ क्षेत्र में कोई भी त्यौहार हो हमारी टीम प्रशासन एवं आमजन की सेवा सहयोग मदद करते चले आ रहे हैं। ईद बकरीद मोहर्रम होली दीपावली दशहरा आदि त्योहार धार्मिक जुलूस व किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में कोई भी कसर नहीं छोड़ते हैं। तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद करते हुए विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र टीम को संचालित करते चले आ रहे हैं और आगे भी प्रशासन के आदेश पर ऐसे ही सामाजिक कार्य करते रहेंगे।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह एलआउंसर इकरामुल्लाह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल संजीव वर्मा प्रदीप कुमार राम जी उपेंद्र सिंह राजू साहनी सुरेंद्र गुप्ता संदीप विश्वकर्मा सोनू भारतीया मयंक कुमार अंकित केसरवानी अरविंद आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेलर पर एयर इंडिया का विमान देखकर चौंके लोग, रास्ते भर देखने वालों की जुट रही भीड़



**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया इलाके में ट्रेलर पर हवाई जहाज देखकर लोग चौंक गए। ट्रेलर पर एयर इंडिया का विमान लदा था। हंडिया बाइपास के निकट ट्रेलर को सड़क के किनारे खड़ा करके आराम कर रहा था। हवाई जहाज देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी।चालक ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह विमान का स्क्रैप है जिसे कोलकाता से नागपुर ले जाया जा रहा है। एक ट्रेलर पर विमान और दूसरे ट्रेलर पर भी उसका कुछ हिस्सा रखा हुआ था। दिन भर यहां लोगों की भीड़ जमा रही। कलकत्ता से नागपुर जा रहा ट्रेलर पर सवार प्लेन बृहस्पतिवार दिनभर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। हंडिया में हाईवे के किनारे एक ढाबे के पास खड़ा कर चालक विश्राम कर रहा था। इसके बाद वहां से गुजरने वाले लोग इसके सामने खड़े होकर सेल्फी लेने लगे तो कई लड़के इसमें चढ़कर सेल्फी लेने के साथ रील्स बनाने में जुट गए।ट्रेलर पर सवार प्लेन बाई रोड कलकत्ता से नागरपुर जा रहा था। यहां पर सड़क पर ट्रेलर पर सवार प्लेन को देखकर लोग यहां रुककर सेल्फी लेने लगे। कुछ देर बाद लोग इसके चढ़कर फोटो शूट कराने के साथ रील्स बनाकर सोशल मीडिया साइड पर अपलोड करने लगे। सुबह दस बजे से शाम समाचार लिखे जाने तक ट्रेलर पर सवार प्लेन को देखने और फोटो खिचाने वालों की भीड़ लगी रही। ट्रेलर में मौजूद सहायक चालक ने बताया कि वह बाई रोड नागपुर जा रहे है।

### कब्जे से सैकड़ों लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने का उपकरण बरामद



**प्रयागराज।** थाना घूरपुर पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1290 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। बता दें कि गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक घूरपुर केशव वर्मा, दरोगा अमित कुमार पाल, दरोगा वेदपाल सिंह, दरोगा जितेन्द्र प्रताप यादव दरोगा नरेन्द्र सिंह, दरोगा विजय गुप्ता, महिला दरोगा आकांक्षा, महिला दरोगा छाया व दरोगा रंजीत सिंह प्रभारी एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त अमर चन्द्र निषाद पुत्र कन्धई निवासी ग्राम छोटा कंजासा थाना घूरपुर को गुरुवार को ठकुरी पूरवा नदी के किनारे ग्राम ठकुरी पुरवा बसवार थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उक्त अभियुक्त के कब्जे से कुल 1290 लीटर (200-200 लीटर का दो प्लास्टिक डिब्बा, 100-100 लीटर का दो प्लास्टिक डिब्बा, 40-40 लीटर की 12 पिपियां, व 15-15 लीटर का 17 प्लास्टिक पिपिया व डिब्बा में) अवैध कच्ची देशी शराब व शराब बनाने के उपकरण (10 पतीले, आठ पाइप लगे टिन के पीपे, एक गैस सिलेण्डर मय भट्ठी) बरामद किया गया।

# नैनी में सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का किया गया स्वागत



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पंडित नीरज त्रिपाठी का प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने किया स्वागत संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि पंडित नीरज त्रिपाठी के नैनी के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया सर्वप्रथम उनका स्वागत कॉटन मिल पर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया उसके बाद वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव के निवास स्थान पर किया गया। पंडित नीरज त्रिपाठी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र प्रदान करके स्वागत किया गया इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील विश्वकर्मा संजय श्रीवास्तव राजेश तिवारी राज सिंह अशोक शुक्ला रवि मिश्रा उमेश सेन महामंत्री नैनी किसान मोर्चा एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं ने पंडित नीरज त्रिपाठी का हार्दिक स्वागत किया।

# आप देवतुल्य कार्यकताओं के विश्वास से, पार्टी ने मुझपर विश्वास करके इलाहाबाद लोकसभा का उम्मीदवार बनाया : नीरज त्रिपाठी

**यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है,यह जिम्मेदारी उठाने की हिम्मत आप सभी कार्यकताओं के हिम्मत से आई है-नीरज त्रिपाठी**

**प्रयागराज।** आज जिस प्रकार से भाजपा के र्काकताओं ने उत्साह और जोश के साथ जगह-जगह स्वागत अभिनन्दन किया उससे मैं अभिभूत हूं। मेरे पास आभार जताने के शब्द नहीं है। आप सभी के विश्वास से पार्टी ने विश्वास करके इलाहाबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, और यह जिम्मेदारी उठाने की हिम्मत आप सभी के हिम्मत के बदौलत आईं है। मुझे मालूम है कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे दिल से पूरे साल लगा रहता है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में व अन्य दलों के कार्यकताओं में बहुत बड़ा अंतर है वह एक के बाद एक चुनाव मे परिश्रम करता रहता है,ना थकता है ना रूकता है। जब तक लक्ष्य ना हासिल कर ले। ऐसे देवतुल्य कार्यकताओं का मै हृदय से आभारी हूं। आप सभी से प्रार्थना करता हूं आप सभी राग-द्वेष छोड़कर मुझको, मोदी जी को और मेरे पूज्य पिता जी स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी जी के सपनों को पूरा करने में मदद करें। इसके पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर नीरज त्रिपाठी ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का आभार जताते हुए कहा और शीर्ष नेतृत्व के विश्वास को कायम रखते हुए आगे चलकर पूज्य बाबू जी के छवि के बजह से इतना प्यार मुहब्बत आशीर्वाद मिल रहा है यह उन्ही की देन है कोशिश रहेगी पिता के छवि को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के कार्यकर्ता के रुप में फिर एक बार मोदी सरकार चार सौ पार के लक्ष्य को संकल्प और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से पूरा कर प्रयागराज को इंडस्ट्रीयल एरिया के रूप में विकसित करना लक्ष्य होगा। लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल,जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय,आदि ने बुकें अंगवस्त्रम्‍ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन करते हुए सभी ने जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। सभी कार्यकताओं पदाधिकारियों ने प्रत्याशी के सामने पांच लाख मतों से विजई बनाने का संकल्प लेकर एक बार फिर, मोदी सरकार,चार सौ पार के लक्ष्य को दोहराया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि प्रत्याशी का नया ब्रिज, मेवा लाल बगिया,सरगम,आईटीआई गेट, डिज मेडिकल, रामपुर चौराहा आदि के अलावा जगह-जगह स्वागत अभिनन्दन किया गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,जय सिंह पटेल , संतोष त्रिपाठी, राजेश्वरी तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, पुष्पराज सिंह पटेल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला, ओमप्रकाश निषाद, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, मनोज गुप्ता, सुरेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, सुधाकर पांडेय, अरूण सिंह, सविता मिश्रा, राजमणि पासवान, सुभाष सिंह, सुनील प्रजापति, राजकुमार मिश्रा, मिथिलेश पांडेय, रिंकू सिंह आदि के साथ विधानसभा प्रभारी, संयोजक, मंडल प्रभारी संयोजक आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला जज सहित हजारों लोगों ने ईदगाह में अदा की ईद की नमाज

### ईदगाह में डीएम, एसपी ने नमाजियों को दी ईद की मुबारकबाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईद के मुबारक मौके पर जिले में यह पवित्र त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। मुख्य नमाज ईदगाह में संपन्न हुई जिसमें जनपद के लोगों ने नमाज पढ़कर देश की तरक्की अमन अमन चैन आपसी भाईचारा वह कौमी एकता को बनाए रखने के लिए दुआ की गई। ईदगाह में सबसे अधिक लोगों ने नमाज अदा की। यहां जिला जज मो0 शाहिद ने भी नमाज अदा की। जिला जज के आने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उनकी अगवानी की और ईद की मुबारकबाद दी।

इस दौरान ईदगाह में डीएम, एसपी व अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, एसडीएम उदयभान सिंह, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को ईद की बधाइयां दी और उनसे मुलाकात की। ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना रियाजुल हसन ने पढ़ाई। नगर पालिका की ओर से ईदगाह में जहां सफाई की गई थी, वहीं पानी का टैंकर उपलब्ध कराया गया था।

सुबह साढे आठ बजे से साढे नौ बजे तक एक घंटे तक ईदगाह में मेले जैसा दृश्य था जहां डीएम, एसपी छोटे-बडे लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। मौसम भी ठीक था, कल शाम को मौसम खराब होने से लोगों को आशंका थी कि कहीं मौसम खराब न हो लेकिन आज ईद पर मौसम खुला था। इसी प्रकार शहर की अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अलग-अलग समय पर अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर मस्जिद के सामने पुलिस बल तैनात किया गया था।


ईद की नमाज अदा करते नमाजी


जिला जज का ईद की बधाई देते डीएम-एसपी।

## पसमादा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईद पर पहुँचे अपने पैतृक आवास परियावां

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पसमादा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एव सपा पार्टी के पसमादा समाज के राष्ट्रीय सचिव अनीस मंसूरी बुधवार की सुबह लखनऊ से परियावां अपने आवास पहुँचे जंहा अपने आवास पर ईद के मौके पर अपने परिवार के साथ गले मिलकर सभी को मुबारक बाद दी इसके बाद अपने इष्ट मित्रो को फोन पर अपने घर बुलाया और ईद की मुबारक बाद देते हुए सेवई के साथ फल, मिठाई, काजू, पिस्ता का जलपान् कराया। मौके पर मौजूद लोगो ने लोक सभा चुनाव को लेकर कुछ राजनीति की चर्चा शुरु किया जिसमे पसमादा के राष्ट्रीय सचिव अनीस मंसूरी ने कहा कि इस बार होने वाले लोक सभा चुनाव मे जो भाजपा 400 पार कह रही है वह एक दिखावा कर रही है मतदाताओं को ग़फ़लत मे डाल रही है। इस मौके पर रामकृष्ण त्रिपाठी, सूर्यमणि त्रिपाठी, पिंटू सिंह, शरद लाला, मनोज शुक्ला, अर्जुन मौर्या, राजेश मौर्या, कलीम अहमद मंसूरी, अच्छन मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।


ईद मिलान पर लोगों से मिलते सपा पसमादा समाज के राष्ट्रीय सचिव अनीस मसूरी।

## वन्देभारत ट्रेन के गुजरने के दौरान ट्रेन की बोगी पर गिट्टी मारने के मामले मे जांच को पहुंची रेलवे पुलिस

### शीशा हुआ क्रेक रेलवे पुलिस पहुंची जाँच को परियावां

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर परियावां रेलवे स्टेशन से बिना स्टापेज के गुजरने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मे 7 मार्च 24 को प्रयागराज से लखनऊ जाते समय 35 सी परियावां रेलवे फाटक से कुछ दूरी खड़े तीन मासूम व नादान बच्चो ने ट्रेन के गुजरने के दौरान बोगी पर गिट्टी मारी जो शीशे पर जा लगे जिससे बोगी का शीशा क्रेक हो गया लेकिन कोई यात्री चोटहिल नही हुआ।

ट्रेन के ड्राइवर ने मामले की जानकारी ऊंचाहार स्टेशन पर जी आर पी पुलिस को दी मामला वन्दे भारत ट्रेन का होने के कारण मोहकमा मे हड़कंप मच गया मामला दिल्ली रेलवे तक पहुंच गया जंहा से ट्रेन की बोगी के बाहर के हिस्से मे लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाल कर तीन नाबालिक लड़को की शिनाख्त होने के बाद कार्रवाई की गयी जिसकी रिपोर्ट ऊंचाहार जी आरपी पुलिस को भेजी गयी मामले की जाँच करने गुरुवार को ऊंचाहार जी आर पी व आर पी एफ पुलिस परियावां

### दिल्ली से हुई एफ आई आर की कार्रवाई

पहुंची तो हड़कंप मच गया। वन्देभारत ट्रेन की बोगी पर गिट्टी फेककर मारने की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया पुलिस टीम ने तीनो नाबालिक बच्चो के पिता को मामले से अवगत कराया जिसे सुनकर हक्का बक्का हो गये बड़ी मुश्किल से डरे व सहमे नाबालिक बच्चे रोते हुए बाहर आये जी आर पी व रेलवे पुलिस के अधिकारी आरोपित मासूम बच्चो से पूछ ताछ किया और जाँच पड़ताल करके चले गये उनको भी बच्चो की मासूम सूरत व कम उम्र देखकर तरस आ रहा था लेकिन मामला वन्देभारत ट्रेन का था दिल्ली से सीधे कार्रवाई की गई है जिसमे चलती ट्रेन मे गिट्टी मारने पर दस वर्ष की सजा है। अब देखना है कि मासूम बच्चो की नादानी पर रेल विभाग को तरस आता है या फिर कानूनी कार्रवाई करती है।मामला वन्देभारत ट्रेन का होने के कारण क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने 51 हजार रुपये का सौंपा चेक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से वराछा निवासी विधवा मालती पाण्डेय जो लोगों के घरों में बर्तन मांजकर अपना जीवन यापन कर रही है उसकी बेटी की शादी 21 अप्रैल 2024 को है उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए बाराछा गांव के लोग शादी में मदद कर रहे हैं।

उसकी आर्थिक स्थिति के बारे में बाराछा गांव के लोगों ने संगठन को अवगत कराया तो संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए संगठन के लोगों से उसकी मदद के लिए अपील किया और उस अपील से एकत्रित धनराशि 51 हजार रुपए का चेक व एक साड़ी आज बाराछा गांव पहुंचकर मालती पाण्डेय को सौपा गया । इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने कहा कि अगर हम किसी जरूरतमंद एवं बेसहारा का सहारा बन सके तो इससे ज्यादा पुण्य का काम क्या होता है। संगठन को ऐसा काम करने से खुशी मिलती है जब हम किसी बेसहारा का सहारा बनते हैं। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष पंडित श्री प्रकाश दुबे, नगर उपाध्यक्ष पंडित रमापति मिश्र, अधिवक्ता प्रकोष्ठ संगठन मंत्री पंडित बृजेश कुमार पाण्डेय, महिला शक्ति कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता पाण्डेय, महिला शक्ति प्रकाशन मंत्री मीरा पाण्डेय, ओम गैस विष्णु प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ईद मोहब्बत व नेकी के साथ भाईचारे की मिसालः प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने जश्न ए ईद पर जगह जगह सौंपी मुबारकबाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ईद पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अलसुबह से देर शाम तक विभिन्न ईदगाहों तथा जलसो में पहुंचकर मुबारकबाद सौंपी। उन्होने त्यौहार पर बडे बुजुर्गो को गले लगाया, बच्चों को दुलारा पुचकारा और जलसो में भाईचारे का पैगाम सौंपा।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अझारा, खालसा सादात, खानापटटी में सुबह ईद की नमाज अदा होने के बाद लोगों को स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की तरफ से भी खुशियों के त्यौहार को मुल्क में मोहब्बत तथा आपसी एकता के लिए दिली मुबारकबाद सौंपी। उन्होंने ईद की खुशी में कई जगह बच्चों को अपनी तरफ से आइसक्रीम भी खिलवाई। बच्चे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता का दुलार पाकर चहक उठे दिखे। जश्न ए ईद पर ईदगाहों पर मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी को गुलाब के फूल तथा इत्र व सिर पर हाथ रखते हुए इलाकाई तरक्की के लिए खूबसूरत दुआएं भी दी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईद पर शुकुलपुर, जलेशरगंज, रामपुर बावली आदि कई जगह हुए जलसो मे बोलते हुए कहा कि ईद मोहब्बत व नेकी के बरक्कत की खुशी का पैगाम है। उन्होंने कहा कि ईद खुशियों की महक में हमें यह रास्ता दिखलाती है कि इंसान को हर समय जुल्म व अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलन्द रखनी चाहिए। उन्होनें कहा कि नेकी का वसूल यही है कि तरक्की के माहौल के साथ जरूरतमंद की मदद दिली जज्बात में हो।

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईद उल फितर की खुशी दूसरों को ज्यादा से ज्यादा खुशी देने की अल्लाह की ओर से ईद का ईनाम हुआ करती है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुराई से परहेज करते हुए रोजा रखने के बाद ईद का मतलब किसी निर्धन और फकीर की मदद का फितरा है। प्रमोद तिवारी ने लोगों से कहा कि हमारा ईमान वतनपरस्ती की खूबसूरती है और यही वतनपरस्ती दुनिया भर में हिन्दुस्तान की ईद की खुशी को चार चांद लगाया करती है। इसके अलावा श्री तिवारी क्षेत्र के दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, करीमनपुर, नसीरपुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर में भी लोगों से ईद पर मुलाकात कर जश्न ए ईद की खुशी का इजहार करते दिखे। इस मौके पर हजरत मौलाना रहमानी मियां, शाही इमाम मो. ईसा, मौलाना मोहम्मद अली, हाफिज कयूम, हैदर खान, सभासद शेरू खां, डा. वकील अहमद, दानिश खां, परवाना प्रतापगढ़ी, वसीम खां, जियाउल, जाहिद, आसिफ खां, निसार अहमद, मो. असलम, जर्रार खां, नन्हें खां, आसिफ सिददीकी, निजाम असरद, आजाद, इरशाद, इरफान खान, इं. अमित सिंह, अशोक सिंह बब्लू, संतोष द्विवेदी, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटेलाल सरोज, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह, धर्मपाल गौतम, प्रियम मिश्र, आदि रहे।



ईद पर लोगों को मुबारकबाद सौंपते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

# तीसरी बार तीन लाख पारः सांसद विनोद सोनकर

### सांसद विनोद सोनकर का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीसरी बार कौशाम्बी लोकसभा से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर का प्रथम आगमन गुरुवार को हुआ। जनपद प्रतापगढ़ की सीमा ब्रहमौली पर हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सांसद विनोद सोनकर को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सांसद विनोद सोनकर लखनऊ से कौशाम्बी जिला अध्यक्ष धर्म राज मौर्य, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, मनोज तिवारी, अखिलेश द्विवेदी सहित कई नेताओं के साथ जनपद की सीमा पर पहुंचे।

भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सांसद का स्वागत करते हुए सांसद के साथ कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते रहे। सांसद विनोद सोनकर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद से पिछले 10 वर्षों से आपकी सेवा में रहा। इस दौरान क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता रही। आज पुनः मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता के ऊपर पार्टी ने जो विश्वास जताया है। उस पर खरा उतरने का मेरा प्रयास रहेगा। आपके आशीर्वाद से कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार कमल खिलने जा रहा है। अबकी बार 400 पार का संकल्प है। कौशाम्बी लोकसभा के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार 3 लाख पार का संकल्प लिया है। जिस तरह से इस बार कार्यकर्ताओं में खास कर कुण्डा बाबागंज में उत्साह दिखा है। इससे यह निश्चित हो गया कि इस बार कौशाम्बी लोकसभा से ऐतिहासिक विजय प्राप्त होगी। इसके बाद सबीसपुर, नवाबगंज, आलापुर, मानिकपुर, भड़चक, तिवारीपुर, मवई फाटक, मन्नान की बाजार, गांधी नगर तिराहा,भगवन तिराहा, मेन चैराहा, करेंटी रेलवे फाटक,नई बाजार,पूरेधनऊ, करेंटी मोड़, बुलाकीपुर, गोतनी, पाटीहार, मानिकपुर में उत्साही कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद लेहदरी गंगा पुल से जनपद कौशाम्बी की सीमा में प्रवेश कर गये। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी सिन्धुजा मिश्रा, सांसद मीडिया भूपेन्द्र पाण्डेय, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, चन्द्र लता जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सरोज त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, उदय शंकर पाण्डेय, गौरव शुक्ल, मोहित मिश्र, अनिल पटेल, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, मोनू शुक्ल, प्रमोद तिवारी, गौरव सिंह, डॉ मनोज पाण्डेय, सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव, देव राज मौर्य, गोलू शुक्ल, मुन्ना मिश्र सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



सांसद विनोद सोनकर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# विश्व होम्योपैथी दिवस और डॉ. सैमुअल हैनिमैन की मनी जयंती

### सैमुएल हैनीमैन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि


विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व होम्योपैथी दिवस और डा. सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के अवसर पर जेआरएस गार्डन जोगापुर में होम्योपैथी दिवस और डाक्टर सैमुअल हैनिमैन की 269वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।होम्योपैथी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी पी सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बाल न्यायधीश होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. बी के सिंह और संचालन डॉ सिमरन उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में डाक्टर सैमुएल हैनीमैन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर होमियोपैथी की वर्तमान स्थिति तथा इसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. एचपी सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि पूरे विश्व में होम्योपैथिक चिकित्सा की तरफ रुझान बढ़ा है। मॉडर्न पैथी की जगह अब आयुष का वर्चस्व होने वाला है। इस बात को सरकार भी समझ चुकी है। डॉ. संजय पाल ने महात्मा सैमुअल हैनिमैन के वैज्ञानिक शोधों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. उत्कर्ष ने होम्योपैथी दवाओं के कार्य करने के बारे में चर्चा की। डॉ. राजेश्वर प्रीतम उपाध्याय ने होम्योपैथी के इतिहास और भारत में इसके विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ सुनील ने होम्योपैथी के संघर्ष के बारे बात करते हुए आम जनमानस तक होम्योपैथिक कैसे पहुंचाई जाए इस बारे में बात की। डॉ. बी त्रिपाठी एवं डॉ बी के सिंह ने होम्योपैथिक के संघर्ष के लिए जेल जाने तक आंदोलन करने की यादें साझा किया। सभी चिकित्सकों ने इस अवसर पर एक स्वर में डा. सैमुअल हैनिमैन की मूर्ति शहर में किसी चैराहे या कंपनी बाग में स्थापना की मांग की। कार्यक्रम में डॉक्टर बी के सिंह, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. बी डी त्रिपाठी, डॉ. एचपी सिंह, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. अनिल खरे, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. प्रतीक सिंह, डॉ. आरके सिंह, डॉ. सिमरन उपाध्याय, डॉ राजेश्वर प्रीतम उपाध्याय, डॉ अविनाश श्रीवास्तव, डॉ. जगदीश श्रीवास्तव, डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव, डॉ राकेश शर्मा, डॉ. संजय पाल, डॉ. शिवम त्रिपाठी, डॉ. राकेश विश्वकर्मा, डॉ. रमेश विश्वकर्मा, डॉ. सत्यनारायण वर्मा, मनीष खंडेलवाल एवं डॉ आलोक श्रीवास्तव आदि चिकित्सक एवं कई पैथोलॉजी सेंटर के संचालक उपस्थित रहे।

# आक्रोश के बीच पोस्टमार्टम के लिए गया मां-बेटी का शव

### अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बोलेरो की चपेट में मां बेटी की मौके पर हुई दर्दनाक मौत को लेकर घटना के दूसरे दिन गुरूवार को भी परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल दिखा। घण्टों प्रशासनिक मानमनौवल के बाद सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस मृतका व उसकी बेटी का शव पीएम के लिए भेजवा सकी। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव में अवधेश सरोज की पत्नी गुडडी उर्फ टड़हिन 50 बेटी काजल 18 के साथ गेहूं की कटाई करके खेत से घर वापस आ रही थी। गांव के समीप अचानक तीव्र गति से आ रही एक बोलेरो ने मां बेटी को रौंद डाला। दुर्घटना में एक साथ मां बेटी की दर्दनाक मौत देख परिजन सहम उठे। मृतका की तीन निराश्रित बेटियों कोमल, अलका पूरी तरह बदहवाश हो उठी। मृतका गुडडी का पति अवधेश मुरादाबाद में परिवार के भरणपोषण के लिए प्राइवेट जॉब किया करता है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पीएम के लिए भेजवाने का प्रयास करने लगी। हादसे से बदहवाश मृतका की बेटियों ने दरोगा से चीख चीख कर कहा अब वह किसके सहारे रहेंगी। बेटियों की एक ही रट थी कि पहले बहन और मां के मौत के जिम्मेदार चालक को पुलिस गिरफ्तार करे। घर के जिम्मेदारों ने भी अवधेश के गांव पहुंचने तक शव को पीएम के लिए भेजवाये जाने से मना कर दिया। गुरूवार की सुबह अवधेश घर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित सुबह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों व परिजनों का आक्रोश फिर पनप उठा। काफी समझाने बुझाने के बाद मृतका के पति अवधेश की तरफ से डीएम को संबोधित ज्ञापन कोतवाल ने लिया। ज्ञापन में सरकार से आरोपी चालक की फौरन गिरफ्तारी तथा तीन निराश्रित बेटियों के जीवन यापन के लिए पैंतालिस लाख व परिवार के भरण पोषण के लिए दस लाख की सरकारी सहायता की मांग रखी गयी है। वहीं तीनों पुत्रियों के लिए सरकार की ओर से निशुल्क शिक्षा व गरीब परिवार के भरण पोषण के लिए तीन बीघे जमीन पटटे आवंटन की भी मांग उठायी गयी है। पीड़ित की मांग का समर्थन करने के लिए ग्रामीण भी जुटे दिखे। प्रधान रमाशंकर, अजय सरोज, प्रभात तिवारी, अरविंद सरोज, सोनू व सुनील आदि ने सरकार से पीड़ित को मदद की गुहार की है। इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए रजामंदी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। वहीं घटना को लेकर मृतका गुडडी के पति अवधेश सरोज पुत्र मेडई की ओर से तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार, रुपया व मोटरसाइकिल बरामद

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज से उ0नि0 दीपक कुमार मय हमराह उ0नि0 श्री साधू राम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र रानीगंज के दादूपुर नई बाजार मार्ग से स्पेलेण्डर प्लस मोटर साइकिल सवार तीन अभियुक्तों आशीष पाल पुत्र रामदवड़ पाल, अजय पाल पुत्र श्यामलाल नि0गण ग्राम डेईडीह धौरहरा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ व सौरव त्रिपाठी पुत्र विनोद त्रिपाठी नि0ग्राम हरी का पुरा ढ़कवा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ के पास से तीन अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

### सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने घर के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण विवाहिता को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर कप्सा गांव में बृहस्पतिवार की सुबह विवाहिता मीरा देवी पत्नी शिवराम वर्मा ने घर के भीतर फांसी लगा ली। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीण विवाहिता को लेकर सीएचसी पट्टी पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की सूचना मिलने पर पट्टी कोतवाल आलोक कुमार, उपनिरीक्षक रमिल कुमार, इंद्रेश प्रजापति, शुभम सिंह, महिला उपनिरीक्षक अर्चना, कांस्टेबल सोनू कुमार व विश्वेंद्र प्रताप मौके पर पहुंचे और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक विवाहिता का पति रोजी-रोटी के सिलसिले में सूरत शहर में अपने छोटे भाई के साथ रहता है जबकि उसकी बड़ी बेटी नेहा (15), बेटा शिवम (13) व छोटी बेटी स्नेहा (10) अपनी मां के साथ घर पर रहती है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक विवाहिता का भाई रमन वर्मा पुत्र स्वर्गीय सरयूराम मौके पर पहुंचा। विवाहिता की मौत से उसके बच्चों व भाई का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव को पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# सकुशल संपन्न हुई ईद उल फितर की नमाज

**एक दूसरे से गले मिल लोगो ने दी ईद की मुबारकबाद**

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैद**





**कौशाम्बी।** ईद का त्योहार पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न हो गया है जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित भरवारी करारी अषाढा बरई बंधवा पिण्डरा सराय अकिल मनौरी चायल चरवा पूरामुफ्ती महेवाघाट अझुवा सिराथू देवीगज टेडीमोड दारानगर पश्चिम शरीरा मूरतगंज बड़ेगाव हररायपुर महागाव कड़ा पुरखास तिल्हापुर मोड़ नेवादा पिपरी कोखराज टेडीमोड शहजादपुर सैनी आदि स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई उसके बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी गई मुस्लिम समुदाय के लोगो के लिए यह त्योहार खास महत्व रखता है,कौशाम्बी जिले के सिराथू इलाके में जिले की सबसे बड़ी ईदगाह है जंहा पर लगभग 5 हजार से अधिक लोगो ने ईद की नमाज अदा की जिले में तमाम जगह ईद की नमाज अदा की गई।इस मौके पर सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,एसडीएम महेंद्र श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन मुस्तैद रहा ईद को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़ी तैयारी की थी जगह-जगह पर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स तैनात किए गए थे पुलिस चौकी इंचार्ज भी पुलिस टीम के साथ लगातार भ्रमण पर रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक भी लगातार भ्रमणशील रहे हैं और पल-पल की जानकारी लेते रहे ईद की नमाज के बाद एक दूसरे के घरों में पहुंचकर लोगों ने विभिन्न प्रकार के पकवान का लुफ्त उठाया देर शाम तक लोगों का अपनो के घर लगातार आना-जाना लगा रहा।



## छोटे छोटे बच्चों ने गले मिलकर मनाई ईद

**कल्याणपुर कौशांबी।** ईट पर बड़े बुजुर्गो के साथ बच्चो ने भी गले मिलकर मुबारक वाद दिया है नगर पालिका परिषद मंझनपुर में छोटे छोटे बच्चे मोहम्मद एहतेशाम और हसन सिद्दीकी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी है दोनों बालक अफजाल अहमद के बेटे हैं।

# कौशाम्बी में आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन

**इंटर कालेज में स्कूली छात्र छात्राओं से लिफाफे में भराए गए पार्टी के पोस्टर संकल्प पत्र**



**कौशाम्बी।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है,कौशाम्बी में पांचवे चरण में 20 मई को चुनाव होना है,जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है लेकिन उसके बाद खुलेआम चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है कौशाम्बी जिले में आदर्श कुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का एक मामला फिर सामने आया है जहा एक स्कूल में स्कूली बच्चो से ही पार्टी की योजनाओं के पोस्टर और संकल्प पत्र लिफाफे में भरवाए जा रहे है।

बच्चे दबी जुबान से विरोध कर रहे हैं स्कूल के शिक्षक भी खुलकर विरोध करने का साहस तो नहीं कर रहे लेकिन दबी जुबान से पोस्टर और संकल्प पत्र लिफाफे में भरवाने का विरोध कर रहे हैं। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के एक इंटर कालेज में बुधवार को कक्षा 9 के लिए स्कूली छात्र छात्राएं प्रवेश परीक्षा देने आए थे,जहा प्रवेश परीक्षा के दौरान ही उनको एक राजनीतिक पार्टी के पोस्टर और संकल्प पत्र लिफाफे में भरवाने का आदेश दिया गया जिन्हे स्कूली बच्चे जबरन भरते हुए नजर आए।जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।प्रशासन की इतनी मुस्तैदी के बावजूद यदि इंटर कालेज के अंदर राजनीतिक पार्टी का यह पोस्टर,संकल्प पत्र और लिफाफा भरने का कार्य किया जा रहा है तो कही न कही इसमें प्रशासन द्वारा तैनात की गई एफएसटीऔर एसएसटी टीमों की कमी दिखाई पड़ रही है निर्वाचन आयोग के निदोर्षों की धज्जियां उड़ाए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले को निर्वाचन अधिकारियों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

# 11 हजार वोल्टेज का तार कटकर गिरा किसान का 2 बीघा गेहूं जलकर खाक

**किसान को भुगतना पड़ा विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा**



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के कनवार गांव सभा के मजरा बगहा में नेवादी बाबा की बाग में किसानों के खेतों के ऊपर से गुजरी 11 हजार वोल्टेज की तार गुरुवार दोपहर को कट कर गिर गई जिससे किसान की खेत की फसलमें भीषण आग लग गई देखते देखते गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है एक बार फिर विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा किसान को भुगतना पड़ा है। जानकारी के मुताबिक किसान ब्रजभूषण प्रजापति पुत्र रामफेर की काटने लायक 2 बीघा गेहूं की फसल खेत में खड़ी थी जिस पर 11000 वोल्टेज की विद्युत तार टूट कर गिर गई जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई और देखते-देखते पूरी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई खेत में आग लगने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया लोग अपने-अपने स्तर से आग बुझाने में जुट गए सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस और सिराथू फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गए ग्रामीणों ने चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड के सहयोग से किसी प्रकार भीषण आग पर काबू पा लिया।लेकिन बृजभूषण की 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई एक लाख रुपए में नुकसान का अनुमान बताया जाता है। मौके पर तहसील प्रशासन कर्मी क्षति आकलन में जुट गए।वहीं ग्रामीणों ने सरकार को कोसते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के सीजन में इस तरह की भयानक आग से धन हानि होती है आखिर सरकार के जिम्मेदार जर्जर तारों को समय रहते दुरुस्त क्यों नहीं कराते।



## सोशल मीडिया पर तमंचा की फोटो वायरल करना बना शौक

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के गिरीया खालसा गांव के एक युवक का सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था युवक के हाथ में तमंचा लेकर फायरिंग करते हुए दिखाते हुए सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने के चार दिन बीत जाने के बाद भी पिपरी पुलिस अभी तक युवक की गिरफ्तारी नही कर पाई है।





# भरवारी में आपसी भाई चारे के साथ मनाई गई ईद

**एक दूसरे को माला पहनाकर और गले मिलकर दी मुबारकबाद**

**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित ईदगाह में सैंकड़ों कि संख्या में अकीदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी गई और एक दूसरे को गले लगा कर बधाई दी गई। इस मौके पर सर्वधर्म समभाव देखने को मिला और सभी लोगों ने एक दूसरे को माला पहनाकर,फूल देकर और गले लग कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी गई।ईद की नवाज के बाद ईद की बधाई देने पहुंचे पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार गुलाम हुसैन पार्षद मोहम्मद हुसैन अतीक अहमद अनीश चाचा मोइन भाई आदि लोग मौजूद रहे। ईद की बधाई देने वालो में पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी, कांग्रेस नेता मो० शाहिद सिद्दीकी, कांग्रेस के एआईसीसी मेंबर तमजीद अहमद, पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी उर्फ काले भाई प्रेम नारायण केसरवानी उर्फ कलेक्टर , महबूब आलम सज्जू, श्रीकिशन,पूर्व सभासद विनोद केसरवानी , तसलीम अहमद, मोहम्मद रजा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बालक की मौत पर मां की तहरीर के बजाय चचेरे चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया सूचना

**परिजनों का आरोप बालक को पानी में धक्का देकर गिराकर उतरा गया था मौत के घाट**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहावनपुर गांव में 10 अप्रैल को सुबह लगभग 10:30 बजे बालक अंकुश उम्र 13 वर्ष की पानी भरे गड्ढे में डूब कर मौत के मामले में पुलिस ने सूचना दर्ज करके बालक का पोस्टमार्टम कराया है पुलिस ने यह सूचना जो दर्ज किया है बालक के चचेरे चाचा की तहरीर पर पुलिस ने सूचना दर्ज कर लिया है जबकि बालक की मां निशा देवी पत्नी जयकरन ने करारी थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बच्चा लाल पर आरोप लगाया है कि उसने पानी भरे गड्ढे में बालक को धक्का दे दिया है जिससे बालक की मौत हो गई है लेकिन पुलिस ने मृतक बालक की मां निशा देवी की तहरीर पर सूचना दर्ज करने के बजाय बालक के चचेरे चाचा की तहरीर पर सूचना दर्ज कर लिया है अब सवाल उठता है कि बालक का चचेरा चाचा उसका खास था कि बालक की मां उसकी खास है किसकी तहरीर को पुलिस को महत्व देना चाहिए इस बात पर भी पुलिस ने ध्यान नहीं दिया है बताया जाता है कि बालक की मौत के बाद आरोपी बच्चा लाल और उसके समर्थक मौके से फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश भी कर रही है सरकारी जमीन पर गड्ढा खोदे जाने उसमें पानी भरे जाने को लेकर बालक के परिजनों से बच्चा लाल का विवाद चल रहा था गड्ढे में पानी भरने के विवाद की जानकारी थाना पुलिस से लेकर तहसील प्रशासन तक पहुंची थी बालक की मौत के पहले उसके परिवार से आरोपी बच्चा लाल का विवाद भी हुआ था और इसी विवाद के बाद बच्चा लाल द्वारा सरकारी जमीन पर गड्ढा खोदकर पानी भर दिए जाने के बाद बालक की मौत हुई है बालक की मा 11 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देने के लिए पुलिस कार्यालय पहुंची थी लेकिन ईद का त्यौहार होने के चलते उनकी मुलाकात नहीं हो सकी है बालक की मौत का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले पर अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है मामले की जांच कराते हुए घटना का खुलासा कर आरोपियों को दंड दिए जाने की जरूरत है।

## बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र से कुछ दिन पहले गायब हुई एक बालिका को पुलिस ने खोज निकाला है बालिका के गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दिया था जिस पर पुलिस बालिका को खोजने के लिए सक्रिय हुई उप निरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी ने बालिका को सराय अकिल पावर हाउस के पास से बरामद कर लिया है और विधिक कार्यवाही कर रही है।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना पिपरी में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 25 सन 2024 आईपीसी की धारा 363 366 वा अन्य के वांछित अभियुक्त मोहम्मद शाहिद पुत्र यूनिस निवासी महमूदपुर मनौरी थाना पिपरी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है लंबे समय से यह अभियुक्त वांछित चल रहा था वांछित अभियुक्त को थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया है।

# घर घर जाकर गैस सिलेंडर रेगुलेटर चूल्हा, पाइप की निःशुल्क करेंगे जांच

**सुरक्षा को लेकर इंडेन गैस ने की तैयारी**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में कौशाम्बी इंडेन गैस सर्विस द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड की पहल पर घर घर गैस सिलेंडर को वितरण करने वाले कर्मचारियों को एलपीजी द्वारा संभावित दुर्घटनाओं व सुरक्षित उपयोग के संबंध में वर्कशाप के माध्यम से जागरूक किया गया इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन कौशाम्बी की फील्ड ऑफिसर काव्या तिवारी ने कार्यशाला में कर्मचारियों को जानकारी देते हुआ बताया कि सुरक्षा जांच अभियान के तहत अधिकृत कर्मचारी ग्राहकों के रसोई में पहुंचकर गैस सिलेंडर,रेगुलेटर, गैस चूल्हा और पाइप की जांच करेंगे, साथ ही साथ एलपीजी के सुरक्षित उपयोग और किसी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश भी साझा करेंगे यह सुरक्षा की जांच ग्राहकों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क है। इसके साथ ही कौशाम्बी इंडेन गैस सर्विस के प्रबंधक गौरव केसरवानी उर्फ मोनू ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वितरक गैस की डिलिवरी देने के दौरान यह अवश्य चेक करें कि जिन ग्राहकों के पाइप पांच वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं,उनको बदलने की भी सुविधा होगी। इसके लिए एक निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा और पाइप एजेन्सी के वितरक ग्राहकों को घर पर ही पहुंचा देंगे। इस दौरान कौशाम्बी इंडेन गैस सर्विस भरवारी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नवरात्रि मेला को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया भ्रमण

**कौशाम्बी।** नवरात्रि मेले में भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे इसी उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा भारी पुलिस फोर्स के साथ नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां शीतलाधाम कड़ाधाम में लगे मेला में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों पर भी कड़ी नजर रखी और उनकी जांच पड़ताल की और पुलिस के जवानों को सख्त चेतावनी दी है कि मेला क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल कर उन पर कार्यवाही की जाए इसी तरह जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया और देवी मंदिरों के आसपास लगे पुलिस टीम को कड़ी हिदायत दी गई है कि वह संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रक्खे और संदिग्ध लोगों की जांच कर उन पर कड़ी कार्यवाही करें।

## बालू वाहनों के लिए लगा धर्मकांटा मात्र हो रहा दिखावा रवन्ना चोरी पर कब होगी जांच

**कौशाम्बी।** जिले में बालू माफियाओं का अजब खेल चल रहा है बिना रवन्ना के ओवर लोड वाहन निकल रहे है तिल्हापुर में लगा धर्मकांटा मात्र दिखावा साबित हो रहा है गाडियां के वजन का कांटा नही होता है ओवर लोड वाहन दुगार्पुर , भिलोर घाट की तरफ से आते है और सीधे निकलते है रवान्ना बिना राजस्व की खुलेआम चोरी हो रही है सड़को पर अनियंत्रित स्पीड में बालू वाहन चल रहे है जिनसे सड़को पर धूल उड़ रही है जिससे आवागमन करने वाले राहगीर परेशान होते है सड़को पर बालू डस्ट से आमजनमानस को परेशानी हो रही है आंख मूंद कर विभागीय अधिकारी बैठे है आखिर बालू माफियाओं पर कब कार्यवाही होगी।

# शराब पीकर सड़क पर उत्पात मचाता रहा सिपाही

**तमाम लोगों ने शराबी सिपाही को समझाने का प्रयास किया लेकिन सिपाही को समझ में नहीं आया**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के किसी पुलिस कार्यालय में तैनात राज बहादुर सिपाही ईद के पर्व पर अधिक शराब पीकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर दोपहर के वक्त कई घंटे तक जमकर उत्पात मचाता रहा बताया जाता है कि यह सिपाही दीवान के पद पर है उसकी वर्दी में सफेद रंग की तीन पट्टी लगी हुई थी शराब के अधिक नशे के चलते सिपाही विभागीय अफसर से लेकर आम जनता तक के बारे में घण्टो सड़क पर ऊट पटाँग की बाते करता रहा कई बार लोगों से झगड़ा करने का भी प्रयास शराबी सिपाही ने किया है लेकिन आम जनता शराबी सिपाही से दूर भागती रही जिससे काफी समय तक मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। वर्दी धारी सिपाही के शराब पीकर बीच सड़क और सड़क की पटरी पर काफी देर तक उत्पात मचाए जाने के बाद आने जाने वाले लोग तमाशबीन बन कर शराबी सिपाही के कारनामे को देख रहे थे तमाम लोगों ने शराबी सिपाही को समझने का प्रयास किया लेकिन सिपाही को समझ में नहीं आया सिपाही के ऊपर शराब का नशा इतना अधिक था कि कई बार तो सिपाही लोगों से बात करते-करते सड़क पर गिर पड़ा सिपाही की आरजकता पुलिस कार्यालय के बाहर एक पान की दुकान के पास भी काफी देर तक चलती रही मामले की सूचना डायल 108 को भी दी गयी है लेकिन उन्होंने कहा कि मामला दुर्घटना और घायल का नहीं है इसलिए वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं डायल 112 प्रभारी को भी मामले की सूचना दी गई है लेकिन उन्होंने भी सिपाही को पुलिस थाना और अस्पताल पहुचाने में असमर्थता जताई है शराब पीकर सड़क पर उत्पात मचाने वाले सिपाही के कारनामे की ओर क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## भरवारी कस्बे में दबंगई का नंगा नाच

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में जमीन के विवाद को लेकर गाड़ियों से आए तमाम दबंगों ने जमकर लाठियां चलाई है कस्बे के बीच खुलेआम दबंगों ने दौड़ा दौड़ा कर लाठियां से लोगों को पीटा है जिससे बाजार के बीच हड़कम्प मच गया कस्बे के बीच दबंगों के इस नंगा नाच के बाद एक बार फिर कानून की धज्जियां उड़ती दिखी हैं हमलावरों की लाठी से मार खा रहे बचाव पक्ष के लोगों ने भी लाठियां निकाल ली हैं एक दूसरे को जमकर पीटा है बाहर से गाड़ियों से आए लोगों के दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है दबंगो की इतनी जुर्रत थी कि वह लाठी डंडा लेकर गाड़ियों से दूसरे पक्ष के पास पहुंच गए और दौड़ा दौड़ा कर लोगों को पीटना शुरू कर दिया है घटनास्थल पर तमाशबीन लोगो की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है हमला करने के बाद दबंग मौके से फरार हो गए हैं घटना में कई लोगों को चोट आई है।

# विधायक पूजा पाल द्वारा कांग्रेस नेता पर लगाए गए निराधार आरोप की कांग्रेस नेता ने की निंदा

**2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता ने निर्वाचन के सामने दाखिल किया था 25 करोड रुपए की हैसियत**

**निर्वाचन आयोग में दिए शपथ पत्र के मुताबिक कुछ लाख रुपए की हैसियत रखने वाली विधायक ने अर्जित की करोड़ो की संपत्ति**

**कौशाम्बी।** जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 में विधानसभा के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रवि प्रकाश रावेंद्र पर चायल विधायक पूजा पाल ने भूमाफिया का आरोप लगाया है जिस पर कांग्रेस नेता रवि प्रकाश रावेन्द्र ने कहा कि वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने निर्वाचन आयोग के सामने 25 करोड़ रुपए की हैसियत का शपथ पत्र दाखिल किया था वह खानदानी रईस है और उनका परिवार प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाना क्षेत्र के अबू बाकरपुर में बड़े घराना के नाम से आज भी लोग जानते हैं रवि प्रकाश ने कहा कि उनके पूर्वज संपन्न परिवार से थे और वह संपन्नता वर्तमान में भी चली आ रही है उन्होंने किसी की संपत्ति कब्जा नहीं की है वह भू माफिया नहीं है और विधायक चायल पूजा पाल ने उनके परिवार को भू माफिया कह कर उनका और उनके परिवार का अपमान किया है जिसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं उन्होंने कहा कि वह अपनी संपत्ति पर काबिज है और उनकी संपत्ति पर विधायक पूजा पाल के दबंग भाई उनके कर्मचारी और उनके गनर कब्जा कर रहे हैं रवि प्रकाश का कहना है की पूजा पाल विधायक द्वारा उनकी जमीन पर अपने भाई अपने ऑफिस कर्मचारी और गनर की फौज के साथ जमीन पर कब्जा कराया जा रहा है रवि प्रकाश ने कहा कि विधायक पूजा पाल ने वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में अपनी हैसियत निर्वाचन आयोग के समक्ष शपथ पत्र देकर कुछ लाख रुपए दशार्या था जो वर्तमान में भी निर्वाचन आयोग के अभिलेखों में पंजीकृत है उन्होंने कहा कि विधायक उनकी जमीन पर कब्जा कर रही है और उल्टा उन्हें वह भूमाफिया साबित करने पर लगी हैं उन्होंने कहा कि विधायक के इस तरह के बर्ताव से उनकी वृद्ध माता सदमे में आ गयी हैं और उनकी माता को यदि कुछ हुआ तो उसकी पूरी जवाब देही चायल विधायक पूजा पाल की होगी रवि प्रकाश ने कहा कि उनके ऊपर विधायक पूजा पाल द्वारा लगाए गए निरर्थक आरोप की वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और विधायक पूजा पाल भविष्य में इस तरह की बयान बाजी ना करें जिससे उनके और उनके परिवार के मान सम्मान को ठेस लगे यदि विधायक पूजा पाल ने उनके परिवार और उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाई तो मजबूर होकर उन्हें अदालत में फरियाद कर अपना व अपने परिवार का मान सम्मान बचाना पड़ेगा रवि प्रकाश ने कहा कि एक बार वह फिर विधायक पूजा पाल द्वारा लगाए गए आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और भविष्य के लिए सावधान करते हैं कि वह इस तरह की ओछी हरकत ना करें।

## संपादक की कलम से

# हर एक दिल में है इस ईद की खुशी

इस्लाम के अनुयायियों के लिए रमजान महीने की अहमियत इसलिए भी है कि इन्हीं दिनों पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जरिए अल्लाह की अहम किताब कुरआन शरीफ जमीन पर उतरी थी। यही वजह है कि इस पूरे महीने मुस्लिम भाई–बहन रोजे रखते हैं और अपना ज्यादातर वक्त इबादत–तिलावतों (नमाज पढ़ना और कुरान पाठ) में गुजारते हैं। रमजान माह के रोजे मुसलमानों के लिए फर्ज करार दिए गए हैं।

दुनिया भर के मुसलमानों के लिए ईद–उल–फित्र की बेहद अहमियत है। यह त्यौहार इस्लाम मजहब के अनुयाइयों के लिए एक अलग ही खुशी लेकर आता है। ईद के शाब्दिक मायने ही 'बहुत खुशी का दिन' है। ईद का चांद आसमां में नजर आते ही माहौल में एक गजब का उल्लास छा जाता है। हर तरफ रौनक ही रौनक अफरोज हो जाती है। चारों तरफ मुहब्बत ही मुहब्बत नजर आती है। एक मुकद्दस खुशी से दमकते सभी चेहरे इंसानियत का पैगाम माहौल में फैला देते हैं। शायर मोहम्मद असदुल्लाह ईद की कैफियत कुछ यूं बयां करते हैं, 'महक उठी है फजा पैरहन की खुशबू से/चमन दिलों का खिलाने को ईद आई है।' कुरआन के मुताबिक पैगंबरे इस्लाम ने फरमाया है,–'जब अहले ईमान रमजान के मुकद्दस महीने के एहतेरामों से फारिग हो जाते हैं और रोजे–नमाजों तथा उसके तमाम कामों को पूरा कर लेते हैं, तो अल्लाह एक दिन अपने उन इबादत करने वाले बंदों को बख्शीश व इनाम से नवाजता है। लिहाजा इस दिन को ईद कहते हैं और इसी बख्शीश व इनाम के दिन को ईद–उल–फित्र का नाम देते हैं।'

रमजान, इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है। इस्लाम के अनुयायियों के लिए रमजान महीने की अहमियत इसलिए भी है कि इन्हीं दिनों पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जरिए अल्लाह की अहम किताब कुरआन शरीफ जमीन पर उतरी थी। यही वजह है कि इस पूरे महीने मुस्लिम भाई–बहन रोजे रखते हैं और अपना ज्यादातर वक्त इबादत–तिलावतों (नमाज पढ़ना और कुरान पाठ) में गुजारते हैं। रमजान माह के रोजे मुसलमानों के लिए फर्ज करार दिए गए हैं। रोजों की अहमियत इस मायने में है, ताकि इंसान भूख–प्यास का एहसास कर सके। भौतिक वासनाएं और लालच इंसान के वजूद से हमेशा के लिए जुदा हो जाएं और इंसान कुरआन के मुताबिक अपने आप को ढाल लें। रोजा जब्ते नफ्स यानी खुद पर काबू रखने की तरबियत देता है। रोजा रखने वालों में परहेजगारी पैदा करता है। लिहाजा रमजान का महीना इंसान को अशरफ और आला बनाने का महीना है।

लेकिन यदि कोई सिर्फ अल्लाह की ही इबादत करे और उसके बंदों से मुहब्बत करने व उनकी मदद करने से हाथ पीछे खींचे, तो ऐसी इबादत को इस्लाम ने खारिज किया है। इस्लाम का पैगाम है, 'अगर अल्लाह की सच्ची इबादत करनी है, तो उसके सभी बंदों से प्यार करो और हमेशा सबके मददगार बनो।' पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने फरमाया है, 'रमजान गम बांटने का महीना है। यानी गरीबों के साथ अच्छा बर्ताव किया जाए। अगर दस चीजें अपने रोजा इफ्तार के लिए लाए हैं, तो दो–चार गरीबों के लिए भी लाएं। अपने इफ्तार व सहर के खाने में गरीबों का भी खयाल रखें। अगर आपका पड़ोसी गरीब है, तो उसका खास तौर पर खयाल रखें कि कहीं ऐसा न हो कि हम तो खूब पेट भर कर खा रहे हैं और हमारा पड़ोसी थोड़ा खाकर सो रहा है।' इस बारे में पैगम्बरे इस्लाम ने यहां तक फरमाया है, 'जो शख्स खुद पेट भर खाए और उसके पड़ोस में उसका पड़ोसी भूखा रह जाए, वह ईमान नहीं रखता।'

रमजान महीने के खत्म होते ही दसवां माह शव्वाल शुरू होता है। माह की पहली चांद रात, ईद की चांद रात होती है। इस रात का इंतजार मुस्लिम भाई—बहनों को पूरे साल भर रहता है। इस इंतजार की भी खास वजह होती है, वह इसलिए क्योंकि इस रात को दिखने वाले चांद से ही ईद–उल–फित्र का ऐलान होता है। बच्चे, बड़े–बूढ़े यानी घर के सभी छोटे–बड़े सदस्य अपने–अपने घर की छतों पर चांद का दीदार करने इकट्ठे हो जाते हैं। चांद का दीदार होते ही, मुस्कराते हुए एक–दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। ईद की आहट भर से खुशियों से उनके चेहरे दमकने लगते हैं। बड़े–बूढ़ों और बच्चों के चेहरों पर इसका नूर कुछ अलग ही झलकता है। पहली ईद–उल–फित्र, पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने सन ६२४ ईसवी में जंग–ए–बदर के बाद मनाई थी। तब से यह त्यौहार, हर साल सारी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिन सभी मुसलमान ईदगाह या मस्जिद में इकट्ठे होकर, दो रकअत नमाज शुकराने की अदा करते हैं

ईद की नमाज से पहले इबादत करने वाले अपने हाथ ऊपर उठाकर यह नीयत बांधते हैं, 'ए अल्लाह, आपका शुक्रिया कि आपने हमारी इबादत कबूल की। इसके शुकराने में हम दो रकअत ईद की नमाज पढ़ रहे हैं।' नमाज के बाद मुसलमान भाई खुदा से पूरी दुनिया में सुख–शांति और बरकत के लिए दुआएं मांगते हैं। हां एक और महत्वपूर्ण बात,नमाज पढ़ने के लिए जाने से पहले सभी मुसलमान फितरा यानी जान व माल का सदका, जो हर मुसलमान पर फर्ज होता है, वह गरीबों में बांटते हैं।

सदका, गरीबों की इमदाद (मदद) का एक तरीका है। गरीब आदमी भी इस इमदाद से साफ और नये कपड़े पहन कर,अपना मनपसंद खाना खाकर ईद मना सकते हैं। इसके अलावा रमजान के महीने में आर्थिक रूप से सक्षम हर मुसलमान को अपनी सालाना आमदनी का ढाई फीसदी गरीबों को दान में देना होता है। इस दान को जकात कहते हैं। इस्लाम मजहब पांच अहम स्तंभों पर टिका हुआ है, जिसमें रोजा और जकात भी शामिल है। जकात हर मुसलमान पर फर्ज है। इस बंदोबस्त के पीछे इस्लाम मजहब की यह सोच है कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे, जिससे वे भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

# मोटापा कम करने में फायदेमंद साबित हो सकता है शाम का व्यायाम



सुबह किए गए व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया जाता है, वहीं एक शोध से यह बात सामने आई है कि शाम को शारीरिक गतिविधि में शामिल होने से मोटापे से ग्रस्त लोगों को अधिक लाभ हो सकता है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित निष्कर्ष 30,000 लोगों के डेटा पर आधारित थे, जिनको लगभग 8 वर्षों तक निगरानी में रखा गया।

सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के शोधकताओं ने पाया गया कि समय से पहले मृत्यु और हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम उन लोगों में सबसे कम था, जो शाम को एरोबिक के माध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे।

सिडनी विश्वविद्यालय में व्यायाम फिजियोलॉजी के व्याख्याता डॉ. एंजेलो सबाग ने कहा, "कई जटिल सामाजिक कारणों के चलते ऑस्ट्रेलिया के तीन में से दो लोगों का वजन अधिक है, जो उन्हें दिल के दौरे, स्ट्रोक और समय से पहले मौत जैसी प्रमुख हृदय संबंधी स्थितियों के बहुत अधिक जोखिम में डालते हैं।"

अध्ययन में टीम ने न केवल संरचित व्यायाम को ट्रैक किया बल्कि 3 मिनट या उससे अधिक समय के निरंतर एरोबिक व्यायाम को ट्रैक करने पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने पाया कि उनकी दैनिक शारीरिक गतिविधि की कुल मात्रा से अधिक फ्रीक्वेंसी मायने रखती है।

इसके अलावा टीम ने देखा, "यह पिछले शोध पर आधारित है कि शाम की शारीरिक गतिविधि मधुमेह या मोटापे से जुड़ी कुछ जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकती है।

सबाग ने इस बात पर जोर दिया कि "व्यायाम किसी भी तरह से मोटापे के संकट का एकमात्र समाधान नहीं है।"

अध्ययन से पता चलता है, "जो लोग दिन के निश्चित समय में अपनी गतिविधि की योजना बना सकते हैं, वे इनमें से कुछ स्वास्थ्य जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं।"

# मिट्टी और मिठास के कवि रामावतार त्यागी

**– अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



जब भी साहित्य सर्जना के समावेशी इंकलाबी बीज को देश व समाज के उर्वर अंतस्थल में रोपने-सहेजने और उसे वट-वृक्ष की तरह आकार देकर संवारने वाले लोगों की गणना होगी उस विराट साहित्य संसार में कवि रामावतार त्यागी महानायक की तरह नजर आएंगे। उनकी साहित्यिक सर्जना की अपराजेय जिजीविषा भाव और गीतों के बरक्स समतामूलक समाज गढ़ने और अपने सतरंगी स्वर के जरिए राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की स्थापना और नैसर्गिक मूल्यों को स्थापित करने की उत्कट आकांक्षा के तौर पर याद की जाएगी। उनके सुमधुर गीतों से निकली गूंज को दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के आवाज के तौर पर समझा जाएगा। साहित्य के जरिए सर्वजन की चेतना को मुखरित करना कोई महान रचनाधर्मी ही कर सकता है। वैसे ही हैं कवि रामावतार त्यागी जो न केवल साहित्य साधना के ऋषि भर हैं बल्कि अदभुत क्षमता से आबद्ध व उर्जा से लबरेज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं।

कवि रामावतार त्यागी को समझने के लिए तत्कालीन समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को समझना आवश्यक है। ऐसा इसलिए कि उन्होंने समय की मुख्य धारा में व्याप्त द्वेष, नैराश्य, हिंसा, प्रतिहिंसा के विरुद्ध तन कर खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में हर प्रवृत्तियों के ताप को ईमानदारी से सहा। शब्दों के हथियार रुपी विचारों के बल से मूलचेतना को भंग करने वाले छल को हराया। अपने गीतों के जरिए मातृभूमि और हाशिए पर खड़े लोगों को आवाज दी। जिस तरह कोई साहित्य सर्जक अपने विचारों को तार्किक आयाम देने के लिए हर जोखिम उठाने की ताकत और हिम्मत रखता है ठीक उसी तरह कवि रामावतार त्यागी ने इंकलाबी बदलाव के लिए अपने गीत रुपी बीजों को बदलाव का हथियार बनाया। अगर कहा जाए कि उनके गीत समय के साथ मुठभेड़ करते नजर आए तो यह तनिक भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने शब्द, सुर, लय और ताल रुपी बीजों का प्रकीर्णन कर साबित किया कि एक बड़े वृक्ष की संभावना छोटे से बीज में ही निहित होती है। जिस सहजता से भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकलने वाले हलाहल को पीया और जगतकल्याण की कामना की ठीक उसी प्रकार रामावतार त्यागी ने साहित्य मंथन से प्रस्फुटित आलोचना-समालोचना के ताप-विष को सहजता से सहा और पीया। साहित्य के इस नीलकंठ कवि को दुनिया ने सराहा भी। हर किसी साहित्य सर्जक में सर्जना के जरिए देश व समाज के गुणसूत्र को बदलने का माद्दा नहीं होता। लेकिन कवि रामावतार त्यागी ने अपने गीतों के जरिए न केवल परंपरागत मूल्यों और सनातनी मान्यताओं को सहेजा बल्कि कबीर की तरह पुरातनपंथी धारणाओं पर हमला बोलने से भी गुरेज नहीं किया। इस अर्थ में सरस्वती के सच्चे साधक रामावतार त्यागी कबीर ही नजर आते हैं। जिस तरह कबीर की शैली आमजन को खूब भाती है ठीक उसी तरह से आमजन के नीलकंठ कवि रामावतार त्यागी की भी शैली लोगों को भायी। कहते हैं न कि योगी और साधु कहीं ठहरते नहीं हैं। अगर उनका शरीर ठहर भी जाए तो मन और संकल्प सदैव प्रवाहमान होते हैं। साहित्य के योगी कवि रामावतार त्यागी का शरीर भले ही शहरी जीवन से बंधा रहा लेकिन उनका मन और चेतना सदैव गांव की मिट्टी की मिठास और दर्द को समेटे-सहेजे रहा। गांव की निश्छल सहजता और प्रकृति की सुमधुरता उन्हें अनायास आकर्षित करती रही। आखिरकार शहरी जीवन से उबते हुए लिख ही डाला कि-ह्यमैं तो तोड़ मोड़ के बंधन अपने गांव चला जाऊंगा, तुम आकर्षक संबंधों का आंचल बुनते रह जाओगे ॥ उनका यह गीत बंधन और वर्जनाओं को तो तोड़ता ही है साथ ही चुनौतियों को भी ललकारता है। यह अदम्य साहस ही उन्हें साहित्य का महावीर बनाता है।

कवि रामावतार त्यागी को बनावटी-दिखावटी जीवन से सख्त ऐतराज था। वे नैसर्गिक मूल्यों के पक्षपाती और प्रकृति पुत्र थे। लिहाजा उनके गीतों में प्रकृति की हर धरोहर चाहे वह ध्वंस-निर्माण के रुप में हो अथवा प्रस्फुटन-बिखराव के रुप में सहज भाव को समेटे हुए है। उनके गीतों से प्रवाहित शब्द मानवता के बीच उठे दीवारों को तोड़ते और अत्याचार के घड़े को फोड़ते नजर आते हैं। उनके शब्द काल के कपाल पर सत्यमेव जय लिखते हैं। निष्काम भाव से शब्दों को उछालना, संवारना और फिर निर्विकार भाव से व्यवस्था में व्याप्त विद्रुपता पर प्रहार करना उनकी अपराजेय साधना का मूल मंत्र रहा है। यहीं कारण है कि उनकी रचनाओं ने उन्हें अमरत्व की कतार में खड़ा कर दिया। उनका एक गीत फिल्म ह्यजिंदगी और तूफानह्ल (1975) का बहुत ही प्रसिद्ध है-ह्यएक हसरत थी कि आंचल का मुझे प्यार मिले, मैने मंजिल को तलाशा मुझे बाजार मिले, तेरे दामन में बता मौत से ज्यादा क्या है? जिंदगी और बता तेरा इरादा क्या है?। कवि रामावतार त्यागी का यह गीत न केवल उनके हृदय में चल रहे भावी भारतीय समाज के निर्माण को बदलने के द्वंद को उद्घाटित करता है बल्कि समाज की वेदना को उकेरता हुआ निराशा के भंवर से बाहर निकल काल से मुठभेड़ करने के लिए भी प्रेरित व रोमांचित करता है। वे गीतों के जरिए जिंदगी से सवाल पूछते हैं कि बता तेरे दामन में मौत से ज्यादा क्या है। उनका यह सवाल एकांगी नहीं बल्कि सभी का है।

गौर करें तो यह वह समय था जब भारत राष्ट्र लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने के लिए अपने जीवन को होम करने पर आतुर था। हाशिए पर खड़े लोग अपने अधिकारों के लिए तूफान से भीड़ने को तैयार थे। साहित्य संसार के तरकश से शब्दों के बाण निकल रहे थे। इस परिवेश से भला आमजन का कवि रामावतार त्यागी खुद को कैसे अलग रख सकते थे। लिहाजा उन्होंने ने भी अपने गीतों के जरिए लोगों के साहस में अदम्य उर्जा का संचार करना शुरू कर दिया। गौर करें तो साहित्य व सिनेमा का यह वह दौर था जिसके जरिए देश व समाज के नजरिए में बदलाव के मंत्र लिखे जा रहे थे। कवि रामावतार त्यागी के गीत उस बयार के संवाहक बने। उनके गीत से प्रस्फुटित शब्द शोषण से मुक्ति और सार्थक अभिव्यक्ति के प्रवाह का पैमाना बना। सच कहें तो इसी पैमाने को साहित्य सर्जकों ने प्रगतिवाद नाम दिया। जिस प्रगतिवाद की गंगा को साहित्य के आंचल में उतारने का काम सुमित्रानंदन पंत और निराला ने किया उस धारा को निर्मल और आचमन युक्त बनाने का बीड़ा कवि रामावतार त्यागी ने उठाया। उन्होंने अपने शब्दों के तीर से समाज की विद्रुपता और निर्लज्जता को साहस से उछाला और अवैध संतान पैदा करने वालों और फिर उस संतान को सभ्य समाज द्वारा ठोकरे मारने वालों को कटघरे में खड़ा किया। बौद्धिक चिंतन प्रवाह से उपजे गीतों के जरिए समाज को सच से सामना कराया।

कवि रामावतार त्यागी का रचना संसार जीवन के विविध पक्षों को समेटे हुए है। उनके रचना संसार के अंतर्मन में एक ओर साहसिक बदलाव की भगीरथ बेचैनी है तो वहीं दूसरी ओर मातृभूमि के लिए सब कुछ न्यौछावर करने की भीष्म प्रतिज्ञा भी है। उनकी कालजयी रचनाओं की उपयोगिता-प्रासंगिता न सिर्फ उन्हें हिंदी पाठ्यक्रम में शोभायमान किया है बल्कि हिंदी पाठ्यक्रम को भी समृद्ध होने का अवसर दिया है। कवि रामावतार त्यागी की प्रकाशित पंद्रह पुस्तकें अनुभूति और संवेदना के भाव को समेटे पुरुषार्थजनित भागवत रहस्य जैसे हैं जो जन का कल्याण करती है। इनका कविता संग्रह ह्यआठवां स्वरह्ल जीवन मूल्य की स्वर साधना और साहित्य रुपी देवकी के आठवें पुत्र जैसा है जो जीवन को उद्विग्न करने वाले नैराश्य रुपी कंस को पराजित कर बार-बार जीवन को झंकृत और चेतना को पुंजित करता है। आज भी उनके गीत और शब्द-स्वर बार-बार प्रस्फुटित और गुंजायमान हो भारतमाता को निवेदित कर रहे हैं कि-ह्यमन समर्पित तन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूं देश की धरती तुझे कुछ और भी दूं। भारतीयता के इस नीलकंठ कवि को शत-शत नमन।

# मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव

**@ राकेश अचल**
**achalrakesh1959@gmail.com**




मेरी याददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है, लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है।

तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया, जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है।

भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है। उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र ' न्याय पत्र ' के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है। भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कनग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है। दुनिया जानती है कि इस देश में अब मुस्लिम लीग का कोई वजूद नहीं है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने ये टिप्पणी खीजकर की है। इससे बहुसंख्यक खुश नहीं हुए और अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए। भाजपा यही करना चाहती है। अल्पसंख्यकों को दुखी करना ही भाजपा का असल उद्देश्य है, क्योंकि भाजपा को पता है कि भाजपा लाख कारीगरी कर ले देश का अल्पसंख्यक उसके ऊपर भरोसा नहीं कर सकता।

दरअसल अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनावों में मुद्दा भ्ष्टाचर्र होना था। भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले दल होना चाहिए था। इलेक्टोरल बांड से जुटाया जाने वाला धन होना चाहिए था। सरकार अपनी उपलब्धियों पर और विपक्ष सरकार की असफलताओं पर चुनाव लड़ता तो वास्तविक चुनाव होता। दुर्भाग्य ये है कि ये सब सत्तापक्ष होने नहीं देना चाहता। सत्तापक्ष मौजूदा विपक्ष को तो छोड़िये पचास साल पहले की सरकारों के फैसलों पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करना चाहता है। ऐसा किसी देश में नहीं होता। भारत में भी ऐसा कभी नहीं हुआ । न आपातकाल के बाद बनी पहली गठबंधन की सरकार ने ऐसा किया और न भाजपा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने ये अपराध किया। अटल जी ने अतीत की कब्रें नहीं खोदीं। वे अपनी सरकार की उपलब्धियों पार चुनाव लड़े। 'साइनिंग इंडिया' उनका नारा था।

आज की भाजपा सरकार अटल जी की सरकार का हश्र देख चुकी है, इसलिए अपनी उपलब्धियों के बूते चुनाव न लड़कर अप्रासंगिक, निराधार और निरर्थक मुद्दों को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है। पिछले एक दशक में अपने लगभग सभी पड़ौसियों से रिश्ते बिगाड़ चुकी भाजपा सरकार के सामने अब गड़े मुर्दे उखाड़ने के अलावा जनता का समाना करने का कोई दूसरा विकल्प बचा ही नहीं है। भाजपा ने पिछले 10 साल में केवल और केवल चुनाव लड़ा है। देश को मजबूत करने के बजाय पार्टी को मजबूत किया है। भ्ष्टाचर्र के खिलाफ लड़ाई का भाजपा का नारा महज एक धोखा साबित हुया है, क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में कांग्रेस के जमाने के सबसे भ्र्ष्टतम नेताओं को अपने साथ मिलाकर उन्हें मंत्रिपद और राज्य सभा भेजा है उसे पूरे देश ने देखा है।

देश की कमान कौन सम्हाले और कौन नहीं ,इससे हम जैसे लोगों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला लेकिन आम जनता और देश के भविष्य पर इसका दूरगामी प्रभाव अवश्य पडेगा। मुमकिन है कि देश सचमुच विश्व गुरु बन जाये और मुमकिन है कि सचमुच भारत की और दुर्दशा हो जाय। भारत की जनता को 1975 के आपातकाल से भी बुरे दिन देखना पड़ जाएँ, वो भी बिना आपताकाल की औपचारिक घोषणा किये बिना। भारत की जनता ने 2014 में बुरे दिनों से बाहर निकलने और अच्छे दिन लाने के लिए भाजपा को वोट दिया था ,लेकिन भाजपा ने जो वादा किया था ,उसे निभाया नहीं ,उलटे जनता को फुसलाकर 2019 में भी उसका बहुमूल्य वोट हासिल कर लिया। लेकिन अब जनता दूध से क्या पानी तक से जली बैठी है। अब जनता सब कुछ फूंक-फूंककर देखेगी। देश का भविष्य देश की जनता के हाथों में है । देश की जनता को ही 1977 की तरह 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' का नारा देकर आगे बढ़ना होगा अन्यथा जनता सिंघासन तक नहीं पहुंचेगी कांग्रेस मिश्रित भाजपा जरूर पहुँच जाएगी। मतदान अवश्य कीजिये और अपना तथा अपने देश का ख्याल रखिये।

## जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति बिड़ला

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े–बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं।

देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे।

चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े–बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था।

लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स ) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।

कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े–बड़े मैनेजर अलग–अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है। मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था। पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।

# मुल्क की खुशहाली की सबने मांगी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश में समानता, भाईचारा व खुशहाली तथा साझी संस्कृति का संदेश ईद में दिया गया। मौलानाओं ने साम्प्रदायिक सदभाव बढ़ाने पर बल दिया। नमाज अदा करने के बाद हिन्दु मुस्लिम भाईयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। अधिकारी व नेताओं ने इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने को कहा।

गुरुवार को सवेरे शहर के ईदगाह मैदान में मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गई। सभी ने रमजान माह को विदा कर सत्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सवेरे से नये कपड़े पहनकर मुस्लिम भाईयों ने उत्साह से विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर नमाज पढ़ी। जकात अदा कर सबकी खुशहाली की दुआ मांगी।



ईद की नमाज पढते मुस्लिम भाई।

ईद की नमाज के बाद पूर्व सांसद भैंरो प्रसाद मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, मो गुलाब खां, मो सलीम आदि लोगों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की गले मिलकर बधाई दी। बधाई के दौर के बाद सबका मुंह मीठा कराया गया। घर-घर में सेंवई बनाई गई।

मानिकपुर, मऊ, बरगढ, पहाड़ी, राजापुर प्रतिनिधि के अनुसार ईदगाह मैदान में ईद की नमाज हुई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले लगकर बधाई दी।

मानिकपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद द्विवेदी, अली हुसैन, रईस अहमद, ताजुद्दीन, इश्तियाक अहमद, युनूस निषाद जमील व राजू मौजूद रहे। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एडीएम उमेशचन्द्र निगम, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, नगर पालिका ईओ लालजी यादव, सपा विधायक अनिल प्रधान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल आदि ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

# झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंधी समुदाय के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर भारतीय सिंधु सभा के लोगों ने बस स्टैंड पर टेंट लगाकर आम जनता को प्रसाद बांटा।

भगवान झूलेलाल की जयंती पर सिंधी समाज के अध्यक्ष राजीव लखानी समेत ठाकुर दास, साधुराम, श्यामलाल, प्रदीप, किशोर, कुक्कू, ऋषिमुनि, दिनेश, नानकराम, जैकी, दिनेश, कविता, भावना, वंदना, शायना, सेजल ने धूमधाम से भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई। इस मौके पर लोगों को बस स्टैंड पर टेन्ट लगाकर प्रसाद बांटा।

शाम को पुरानी बाजार डाक घर के सामने से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा मन्दाकिनी नदी में जाकर समाप्त हुई। इसमें समाज के युवक



प्रसाद बांटते सिंधी समाज के लोग।

व युवतियों ने जमकर डांस किया। शोभायात्रा में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल मौजूद रहा। शोभायात्रा में राजीव लखानी, सपना, अनवी, ठाकुर दास, मानसी, नीलू, भावना, कविता, वन्दना, कालू, दामिनी, प्रदीप दादा, प्रताप आदि शामिल रहे।

# दो के कब्जे से दो तमंचे-कारतूस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से दो तमंचे व पांच कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

गुरुवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने सिपाही आकाश, मोहित के साथ सुनील पाल पुत्र श्यामपाल फुलकुमारी थाना कोतवाली देहात जिला बांदा के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय ने सिपाही विकास सिंह के साथ शरद सक्सेना पुत्र किशोर सक्सेना ऊंचागंगा दरवाजा थाना कायमगंज जिला फर्रूखाबाद के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व चार कारतूस समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## किसी के बहकावे में न करें मतदानः एसडीएम

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के कटैया डाड़ी व लपाव में हुई बैठक में मतदाता जागरूकता एसडीएम राकेश कुमार पाठक व सीओ जयकरण सिंह ने लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया। गुरुवार को एसडीएम ने कहा कि मतदाता किसी के दबाव-बहकावे में न आये। अपनी मर्जी से स्वतंत्र रूप से मतदान करें। क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदान होना चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र को सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने अलग-अलग विद्यालयों में बूथों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य समेत प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया खुलासा

## एक दबोच भारी तादाद में बने-अधबने तमंचे किये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राज कमल की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा कर शस्त्र बनाने वाले को भारी तादाद में बने-अधबने तमंचो-कारतूस व उपकरणों समेत गिरफ्तार किया।

गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि भरतकूप पुलिस ने चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर पुत्र वुकुवा डंडिया मजरा पहरा के कब्जे से छह बने व तीन अधबने तमंचे विभिन्न बोर के, सात कारतूस, भट्ठी, शस्त्र बनाने के उपकरण समेत डंडिया गांव के आम के बाग से सवेरे गिरफ्तार किया।



पत्रकारों से बात करते एएसपी।

उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह टीम समेत लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की गरज से भ्रमण में थे। मुखबिर से सूचना मिली कि चुन्नीलाल यादव उर्फ वाणासुर डंडिया गांव में आम के बाग में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री खोले है। पुलिस ने उसे दबोचकर बने-अधबने तमंचे व उपकरण आदि बरामद किये। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा अजहर जमाल, दरोगा बालकिशुन, दीवान कल्लू खां, सिपाही संदीप लोधी, सतीश यादव, शिवम मिश्रा व महिला सिपाही दीपिका शामिल रहे।

# लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता की करतूतें चढ रही परवान

## जिला प्रशासन का नहीं है कोई भय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर के मारकुण्डी-इटवा डुडैला क्षेत्र के लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता की दबंगई पूर्ण हरकतें अब परवान चढने लगी हैं। भू-माफियाओं को जमीन खरिदवाने में वह अव्वल है। आदिवासी-कोलों की जमीनें औने-पौने में भू-माफियाओं को लेखपाल दिलवा देता है। जमीन पर कब्जा कराने को इलाका पुलिस से मिलकर दबंगई भी दिखाने लगा है। इस बात का खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता पर प्रशासन का कोई भय नहीं है। वह एसडीएम से लेकर उच्चाधिकारियों तक पैठ बनाये है। उसका कोई बाल-बांका नहीं कर सकता, ये बात इससे भी जाहिर है कि उसके खिलाफ तमाम खबरें छपी हैं। जिला प्रशासन ने एक भी खबर का संज्ञान नही लिया। नतीजतन अब उसकी दबंगई सिर चढकर बोलने लगी है। पिछले दिनों मारकुण्डी थाने के इटवा डुडैला के खजुरिहा कोलान के मुन्नालाल कोल पुत्र शीतल प्रसाद ने उसके कारनामों का खुलासा किया। मुन्नालाल कोल ने कहा कि कर्वी के धन्नासेठ गिरीश अग्रवाल व कमलराजन अग्रवाल पुत्र अनन्त प्रसाद को क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने भंगरा कोल से औने-पौने में जमीन खरिदवाई है। इस जमीन पर पूर्व प्रधान ने तीस साल पहले कालोनी बनाकर कोलों को बसाया था। कालोनी का वे उपभोग करते थे। कालोनी के घरों को लेखपाल ने अपनी मौजूदगी में आग लगवा दिया था। इस मामले में अदालत ने लेखपाल समेत भू-माफियाओं पर मामला दर्ज करने के आदेश दिये हैं। इसके पहले भी लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता आदिवासी-कोलों की जमीन जिला मुख्यालय के एक और भू-माफिया को दिला चुका है। जितेन्द्र गुप्ता पहले कोलों की जमीन किसी अन्य अनुसूचित जाति के नाम कराता है। फिर वह जमीन भू-माफिया को हस्तांतरित कर देता है। इस तरह से वह दिन-रात करोडों में खेल रहा है। भू-माफियाओं के वाहनों का इस्तेमाल भी वह करता है। मानिकपुर क्षेत्र से लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता का तबादला कर उसकी करतूतों की बारीकी से जांच की जाये, तो उसका बर्खास्त होना तय है।

# जो सुख प्रभु गान में है, बैकुंठधाम में नहींः कथा आचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़ दास जी महाराज के जानकीकुंड में श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी वर्ष पर चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम के किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) ने राम कथा के दूसरे दिन देश के कोने-कोने से आये गुरु भाई-बहनों को जप-ज्ञान का



कथा व्यास।

महत्व बताते हुए कहा कि जो सुख बैकुंठ में नहीं है, वह सुख प्रभु के गान में है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम का धरा से अपने धाम जाने का समय आया। प्रभु सरयू नदी में जल समाधि लेने को निकले तो सारे आयोध्यावासी उनके साथ चल पडे। परम भक्त हनुमान जी एकांत में उनका जाप करने बैठे थे। प्रभु राम की नजर हनुमान पर पड़ी तो विस्मित हो कहा कि सब मेरे साथ धाम जाने को जल समाधि लेने जा रहे हैं, वह एकांत में बैठे हैं। प्रभु राम ने कहा कि तुम भी मेरे साथ बैकुंठ धाम चलो। हनुमान ने जाने से मना कर दिया। कहा कि प्रभु जो सुख आपके जप और गान में है, वह बैकुंठ धाम में नहीं है। वहां तो सेवक बनकर रहना पड़ेगा। आपका गान करने को नही मिलेगा। इस मौके पर चित्रकूट के तमाम साधु-संत, आम जनमानस, तमाम प्रांतों से पधारे गुरु भाई-बहन व सदगुरू परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# 71 लीटर महुआ शराब समेत दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने रामजी पुत्र होरिल गिदुरहा के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मुकेश सिंह परिहार, सिपाही अजीजुद्दीन व अंकित राजपूत शामिल रहे। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने गौरी शंकर पुत्र जीतऊ पुत्र उफरौली थाना मऊ के कब्जे से 41 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, दरोगा अकिंत सिंह, सिपाही प्रकाश मिश्रा व अजय मिश्रा शामिल रहे।

# करोडों की जालसाजी में फंसी है चारू गुप्ता

## दबंग महिला ने बालू घाट में लहराया असलहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाने के धौरहरा बालू घाट में खुद को 25 फीसदी की पार्टनर बताने वाली ईस्ट रोहतासनगर शाहदरा दिल्ली की चारू गुप्ता पत्नी योगेश गुप्ता खुद जालसाज निकली। उसके खिलाफ तीन अगस्त 2023 को राजनगर नन्दग्राम गाजियाबाद के मुकेश कुमार पुत्र भवानीदीन ने एक करोड 93 लाख 73 हजार 554 रुपये की धोखाधडी का मामला थाना नन्दग्राम में दर्ज कराया है।

खुद को पाकसाफ बताने वाली चारू गुप्ता इन दिनों जिले की मीडिया में सुर्खियों में है। उसने आरोप लगाया कि बालू माफिया मो खालिद ने उसे धौरहरा बालू घाट में 25 फीसदी का पार्टनर बनाने के नाम पर छह करोड रुपये ठगे हैं। इस बाबत चारू



बालू खदान में असलहा लहराती चारू गुप्ता।

गुप्ता ने डीएम-एसपी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है, जबकि वह खुद जालसाजी के मामले में फंसी है। ऐसे में उसका कोई कैसे विश्वास करे? नन्दग्राम के मुकेश कुमार ने अदालत से 156(3) के तहत मोहित जैन, निमित जैन, नागेन्द्र कुमार, चारू गुप्ता व अन्य अज्ञात के खिलाफ जालसाजी से रुपये हडपने व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया है। पीडित मुकेश कुमार ने तहरीर में कहा है कि उसे इलेक्ट्रानिक का 21 करोड का नया माल दिलाने के नाम पर इन लोगों ने एक करोड 93 लाख 73 हजार 554 रुपये ठगे हैं। इलेक्ट्रानिक माल दिखाकर उसे विश्वास में लेकर रुपये लेने के बाद भी कोई माल नहीं दिया। उल्टा उसे कुछ दिनों बाद जान से मारने की धमकियां दी जाने लगी। थक-हारकर उसने इन सभी लोगों के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज कराया। चारू गुप्ता ने अपने खाते में पांच लाख दस हजार रुपये अंतरित किये हैं। इसी तरह से उक्त सभी लोगों ने अपने खातों में रुपये लिये हैं। इस तरह की ठगी व जालसाजी में फंसी चारू गुप्ता की दबंगई यहां भी देखने को मिली है। उसने धौरहरा बालू घाट में खुलेआम असलहा लहराते हुए बालू घाट के संचालकों को भी धमकी दी होगी? जाहिर है कि चारू गुप्ता के बारे में शाहदरा में जाने पर और राज खुलेंगे। ऐसे में उस पर लोग कैसे विश्वास करें कि उसने छह करोड रुपये बालू माफिया मो खालिद को दिये होंगे, जो खुद जालसाजी में फंसी है।

# रामनवमी पर मनेगा गौरव दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में गौरव दिवस 17 अप्रैल को रामनवमी में मनाया जाएगा। गौरव दिवस पर मप्र-उप्र सरकार व संत-महात्मा तथा समाज के सहयोग से शहर के प्रमुख स्थानों पर 11 लाख से अधिक दीप जलाये जायेंगे। पूरा चित्रकूट जगमग होगा।

गुरुवार को गौरव दिवस के लिए दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता विद्यापीठ में संत समाज व प्रबुद्धजनों की बैठक में समाजसेवी लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे चित्रकूट की सभी आबादी के लोग गौरव कार्यक्रम मनायेंगे। महंत रामजी दास ने कहा कि सीमाओं के बंधन को त्यागकर दोनों क्षेत्रों में आपसी तालमेल से बेहतर दीपोत्सव मनेगा। दीनदयाल शोध संस्थान संगठन सचिव अभय



बैठक करते समाजसेवी।

महाजन ने कहा कि नानाजी सदैव कहते थे कि जनता की पहल, पुरुषार्थ व सहभागिता से किया कार्य स्थायी होता है। सभी सामूहिक प्रयत्न व जन भागीदारी से चित्रकूट गौरव दिवस मनायेंगे।

अभय महाजन ने चित्रकूट क्षेत्र के लोगों से अपील की कि रामनवमी पर चित्रकूट गौरव दिवस का ये पावन आयोजन संत-महात्मा एवं समाज के सहयोग से हो रहा है। पावन पर्व पर सभी लोग सपरिवार घरों, प्रतिष्ठानों, देवालयों एवं घाटों पर आस्था के दीप जलायें। श्रीराम जन्मोत्सव की खुशियों में शामिल हों। रामनवमी के दिन 17 अप्रैल शाम सात बजे सभी स्थानों पर एक साथ दीप जलना शुरू होंगे, जो 7.45 तक जलेंगे। इस मौके पर महंत पवन बाबा सती अनुसुइया आश्रम, महंत दिव्यजीवन दास भरत मन्दिर, महंत रामजी दास सन्तोषी अखाड़ा, नागा जी, विपिन विराट पांडेय, चित्रकूट विश्वविद्यालय कुलपति डॉ भरत मिश्रा, जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, अध्यक्ष नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत साधना पटेल, समाजसेवी लवकुश चतुर्वेदी, चंद्रप्रकाश खरे, आनन्द पटेल, रूपा अग्रवाल, विनीता शिवहरे, संगीता जैन, सीएमओ विशाल सिंह, गुड्डा भैया चतुर्वेदी, कृष्णा पाण्डेय, डॉ अश्विनी अवस्थी, राजेन्द्र मिश्रा, श्यामदीन शर्मा, अजय, शानू गुप्ता, राव प्रबल श्रीवास्तव, दीनदयाल शोध संस्थान के सभी प्रकल्पों के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# बेमौसम बारिश से किसानों की चिन्ता बढी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढा दी है। किसानों की फसल पानी में डूबने के आसार हैं। बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है।

गुरुवार को मानिकपुर क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की फसल पानी मे डुबने के आसार हैं। डेढ़ घंटे तक हुई तेज बारिश से किसानों की फसल चौपट होगी। गेंहू, चना, अरहर की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। मानिकपुर तहसील क्षेत्र के सकरौंहा, चमरौंहा समेत कई गांवों में बेमौसम बारिश हुई है। बीते दिन से मौसम खराब चल रहा है। आगे भी तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश होने के आसार हैं।

# शिवरामपुर पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने 24 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा कर चोर को मोबाइल फोन समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि दस अप्रैल कोतवाली कर्वी के रामबदन पुत्र शंकरलाल ने थाने में सूचना दी कि नौ अप्रैल को किराये के मकान शिवरामपुर में सो रहा था। रात में लाइट चली जाने से दरवाजा खोल दिया। इस दौरान चोर मोबाइल फोन चुरा ले गया।

चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने मोबाइल की लोकेशन से चोर को पकड़ लिया। चोर सुनील पुत्र चुनबादी



पकड़ा गया आरोपी।

नऊवा रामपुरवा मजरा बैहार को चोरी के फोन समेत गिरफ्तार किया। माल बरामद पर धारायें बढ़ाई। 24 घंटे में चोरी का खुलासा हुआ। टीम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही श्यामू व नरेन्द्र शामिल रहे।

# अधिवक्ता को मिली धमकी

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाल को जिला कचहरी के अधिवक्ता रामकृष्ण सोनी ने दी तहरीर मे कहा कि न्यायालय में मुवक्किल की ओर से पैरवी करने से रोकने को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई है। चाकू निकालकर हत्या करने की भी धमकी दी है। गुरुवार को अधिवक्ता रामकृष्ण सोनी ने दी तहरीर में कहा कि जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता हैं। 11 अप्रैल को सवेरे सवा आठ बजे सब्जी मंडी में फल खरीदने गया था। सब्जी-फल खरीदने बाद वह चलने लगे, तभी नारायणदत्त त्रिपाठी पुत्र स्व कृष्णावतार त्रिपाठी चार अज्ञात लोगों के साथ आये। उसे रोककर नारायण दत्त त्रिपाठी मुकदमा उप्र राज्य बनाम हर्षित आदि में जय सिंह उर्फ गुम्मा पुत्र रिंकू उर्फ जय प्रकाश, रिंकू उर्फ जय प्रकाश पुत्र जियालाल की ओर से पैरवी करने से मना किया। अधिवक्ता ने कहा कि उसका पेशा है। उसकी किसी से न दोस्ती है न दुश्मनी है। पैरवी व बचाव करना पेशा है। नारायणदत्त त्रिपाठी ने नाराज होते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। गुर्गों ने चाकू निकाल लिया। मौजूद लोगों ने बचाया। वह भयभीत है। अधिवक्ता ने कहा कि आरोपियों पर मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जाये। उसकी जानमाल की रक्षा की जाये।

## उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति ने टकराव होने पर दुश्मनों को मौत के मुंह में पहुंचाने का लिया संकल्प

**एजेंसी**

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने सैन्य टकराव होने पर दुश्मनों को बिना किसी हिचकिचाहट के 'मौत का झटका' देने का संकल्प जताया है। यह जानकारी राज्य मीडिया ने गुरुवार को दी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि, किम ने किम जोंग-इल यूनिवर्सिटी ऑफ मिलिट्री एंड पॉलिटिक्स की अपनी यात्रा के दौरान यह बात कही।



केसीएनए के मुताबिक,' किम ने कहा कि अब युद्ध के लिए पहले से कहीं अधिक अच्छी तरह से तैयार होने का समय आ गया है और उत्तर कोरिया को इसके लिए और अधिक दृढ़ता से तैयार होना चाहिए।' किम ने विश्वविद्यालय को नई सैन्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया इस साल हथियारों के परीक्षण में तेजी ला रहा है। इसमें समुद्र और जमीन से क्रूज मिसाइलों का प्रक्षेपण और सुपर-बड़े मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर से फायरिंग अभ्यास शामिल हैं। पिछले हफ्ते, इसने हाइपरसोनिक वारहेड से युक्त एक नई मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण का दावा किया था।

## गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 33,482: मंत्रालय

**गाजा।** गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 33,482 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजराइली सेना ने 122 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 56 को घायल कर दिया। इससे पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वाले फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 33,482 हो गई और 76,049 लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक कुछ मृतक अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। इजराइली सेना एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक रही है।

## पाकिस्तान में ट्रक खाई में गिरा, 17 तीर्थयात्रियों की मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के हब जिले में बुधवार रात करीब 11 बजे शाह नूरानी दरगाह जा रहे तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) सकरो वाजिद अली ने हादसे की पुष्टि की है। जिओ न्यूज चैनल के प्रसारण के अनुसार हादसे में ट्रक ड्राइवर करीम बख्श भी घायल हो गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया गया है। यह ट्रक थट्टा से तीर्थयात्रियों को लेकर चला था। हताहत और घायल मकली के कासिम जोखियो गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में 15 की पहचान कर ली गई है। घायलों को कराची के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। शाह नूरानी दरगाह कराची से लगभग 200 किलोमीटर दूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है।



## हांगकांग के न्यू लकी हाउस में लगी आग, 5 की मौत और 27 घायल

**हांगकांग।** हांगकांग में एक इमारत में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हैं। आग हांगकांग के न्यू लकी हाउस नामक इमारत में लगी। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुष और दो महिलाओं की मौत हुई है। सुबह 7.53 बजे आग की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। आग पहली मंजिल पर स्थित एक जिम में लगी थी।



## गाजा युद्ध के बीच 6,000 से अधिक भारतीय कामगार मई तक इजराइल के लिए प्रस्थान करेंगे

**एजेंसी**


**इज़राइल।** सरकार ने घोषणा की कि इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न श्रम घाटे से निपटने में देश के निर्माण उद्योग की सहायता के लिए 6,000 से अधिक भारतीय श्रमिकों को अप्रैल और मई के बीच इज़रायल में आने का कार्यक्रम है। इज़रायली सरकार द्वारा बुधवार देर रात जारी एक बयान में खुलासा किया गया कि सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए चार्टर्ड उड़ानों पर सब्सिडी देने पर सहमति के बाद इन श्रमिकों को 'एयर शटल' के माध्यम से ले जाया जाएगा। बयान में कहा गया है, 'चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी के बाद 'एयर शटल' पर अप्रैल और मई के दौरान भारत से 6,000 से अधिक श्रमिकों के आगमन पर लगभग एक सप्ताह पहले सहमति बनी थी।' रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार (जी2जी) समझौते के तहत भारत से श्रमिकों को इज़राइल ले जाया जा रहा है। चल रहे इज़राइल-हमास युद्ध के बीच, जो बिना किसी स्पष्ट समाधान के छह महीने से अधिक समय से जारी है, इज़राइल को विदेशी श्रमिकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इन श्रमिकों में से अधिकांश, लगभग 80,000, मूल रूप से फिलिस्तीनी प्राधिकरण-नियंत्रित वेस्ट बैंक से थे, अतिरिक्त 17,000 गाजा पट्टी से आए थे। हालाँकि, अक्टूबर में संघर्ष के फैलने के कारण उनमें से अधिकांश के कार्य परमिट रद्द कर दिए गए, जिससे देश में श्रम की कमी बढ़ गई। पिछले समझौते के तहत भारत से 64 निर्माण श्रमिक इज़राइल पहुंचे। अगले कुछ हफ्तों में, अप्रैल के मध्य तक कुल 850 और श्रमिकों के आने की उम्मीद है। हाल के महीनों में, 900 से अधिक निर्माण श्रमिक पहले ही बी2बी मार्ग के माध्यम से भारत से इज़राइल में प्रवेश कर चुके हैं। भारत और श्रीलंका के श्रमिकों के अलावा, लगभग 7,000 चीन से और लगभग 6,000 पूर्वी यूरोप से आए हैं।बयान में कहा गया है, ÷यह (भारत से 6,000 कर्मचारी) कम समय में निर्माण क्षेत्र के लिए इज़राइल पहुंचने वाले विदेशी श्रमिकों की सबसे बड़ी संख्या है।÷ बयान में कहा गया है कि सरकार ने इज़राइल में विदेशी श्रमिकों की आमद में पर्याप्त वृद्धि की सुविधा के लिए गहन कर्मचारी कार्य किया है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य जीवन यापन की लागत को कम करना, नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, सरकार और व्यापार क्षेत्र के बीच घर्षण को कम करना, विदेशी श्रमिकों के रोजगार की निगरानी और निगरानी बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।



## हमास की सैन्य शाखा से जुड़े थे इस्माइल हनियेह के बेटे: इजराइल की सेना

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि हवाई हमले में मारे गए इस्माइल हानियेह के तीनों बेटे हमास की सैन्य शाखा से जुड़े थे और इजराइलियों को बंधक बनाने में शामिल थे। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को हवाई हमले की जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, हुए हवाई हमले का आदेश आईडीएफ की दक्षिणी कमान के एक कर्नल ने दिया था। इस्माइल हनियेह हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं और कतर में रहते हैं। गाजा शहर में अल-शती शरणार्थी शिविर के पास एक कार पर हुए इजराइली हवाई हमले में हनियेह के तीन बेटे - हेज़ल, अमीर और मोहम्मद मारे गए।



हमले में हनिएह की चार पोते-पोतियां भी मारे गए। हमास के वरिष्ठ नेता ने स्पष्ट किया कि उनके बेटे और पोते-पोतियां इजराइली हवाई हमले में मारे गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि तीनों हमास की सैन्य शाखा कासिम ब्रिगेड का हिस्सा थे। इस्माइल हानियेह ने एक बयान में कहा, उनकी शहादत का सम्मान देने के लिए भगवान का शुक्रिया। इस बीच, हनियेह के सबसे बड़े बेटे अब्देल सलाम हनियेह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भगवान का शुक्रिया, जिन्होंने मेरे भाइयों हेज़ल, अमीर और मोहम्मद की शहादत से हमें सम्मानित किया। हिब्रू और अरबी मीडिया ने इस्माइल हनियेह के बेटों और पोते-पोतियों की हत्या से काहिरा में चल रही शांति वार्ता के पटरी से उतरने की आशंका जताई है। वार्ता में हनियेह एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

## दंपत्ति ने बेटी को गुप्त रूप से मारकर दफनाया, पुलिस को एक गुमनाम पत्र मिला

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक रहस्यमय चांदी सर्फ़बोर्ड के आकार की वस्तु की तस्वीरें जारी की हैं जो चंद्रमा की परिक्रमा कर रही थी। तस्वीरें नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) द्वारा ली गईं। वे मार्वल के 'सिल्वर सर्फर' चरित्र के बोर्ड जैसी दिखने वाली एक वस्तु की एक पतली क्षैतिज रेखा दर्शाते हैं। हालाँकि, रहस्यमय वस्तु कॉमिक बुक की दुनिया या सुपरहीरो फिल्मों या यहां तक कि एक अज्ञात उड़ान वस्तु (यूएफओ) से कुछ भी नहीं है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि नासा के एलआरओ ने वास्तव में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष को पकड़ लिया, क्योंकि दोनों ऑर्बिटर एक-दूसरे से आगे निकल गए। नासा के प्रेस नोट के अनुसार, एलआरओ ने अपने कोरियाई समकक्ष, कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा भेजे गए डेनुरी चंद्र ऑर्बिटर की कई तस्वीरें लीं, जब दोनों 5 और 6 मार्च के बीच समानांतर लेकिन विपरीत दिशाओं में एक-दूसरे के पास से गुजरे थे। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि डैनुरी की छवि, जो 2022 से चंद्रमा की परिक्रमा कर रही है, इसके और एलआरओ के बीच बेहद तेज सापेक्ष वेग के कारण विकृत प्रतीत होती है।नासा ने लिखा, हालांकि एलआरओ का कैमरा एक्सपोज़र समय बहुत कम था, केवल 0.338 मिलीसेकेंड, फिर भी दो अंतरिक्ष यान के बीच सापेक्ष उच्च यात्रा वेग के कारण डैनुरी यात्रा की विपरीत दिशा में अपने आकार से 10 गुना अधिक फैला हुआ दिखाई देता है।अंतरिक्ष एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में एलआरओ संचालन टीम को डेनुरी की एक झलक पाने के लिए एलआरओसी को सही समय पर सही जगह पर इंगित करने में उत्तम समय की आवश्यकता थी। हालाँकि, दोनों अंतरिक्ष यान के बीच तेज़ सापेक्ष वेग, जो लगभग 11,500 किलोमीटर प्रति घंटा है, के कारण यह कार्य आसान नहीं था। नासा ने कहा कि एलआरओ के नैरो-एंगल कैमरे ने तीन कक्षाओं के दौरान छवियों को कैप्चर किया, जो छवियों को खींचने के लिए डेनुरी के काफी करीब थीं। विशेष रूप से, एलआरओ को 2009 में लॉन्च किया गया था। तब से, इसने अपने सात शक्तिशाली उपकरणों के साथ महत्वपूर्ण डेटा एकत्र किया है। यह चंद्रमा के अध्ययन में एक अमूल्य योगदान के रूप में उभरा है।



## इजराइल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया

**एजेंसी**

**इज़राइल।** रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि मंगलवार देर रात उसने सीरिया में हमला किया, जिसे हिज़ बुल्लाह आतंकवादी सैन्य बुनियादी ढांचे के रूप में वर्णित किया गया था जिसे इज़राइल के पास सीरिया में तैनात किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि वह सीरियाई शासन को 'उसके क्षेत्र में होने वाली हर चीज' के लिए जिम्मेदार मानता है और उन प्रयासों की अनुमति नहीं देगा जिससे सीरियाई मोर्चे पर आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों की स्थापना हो सके। वहीं, आईडीएफ बलों ने मंगलवार रात दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन की कई निगरानी चौकियों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर भी हमला किया।

इस बीच, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि गाजा की घटनाओं ने दुनिया भर के मुसलमानों के लिए कड़वा स्वाद छोड़ दिया है। ÷गाजा में खूनी घटनाओं ने दुनिया भर के मुसलमानों के लिए कड़वा स्वाद छोड़ दिया है। वे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं क्योंकि इज़राइल फिलिस्तीनी लड़ाकों को हराने में विफल रहा है,' अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने अपने ईद-उल-फितर भाषण के दौरान कहा। ईरान के सर्वोच्च नेता ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए जवाबी कार्रवाई का भी वादा किया है। खमेनेई ने अपने भाषण के दौरान कहा, ÷सीरिया में हमारे वाणिज्य दूतावास पर हमला करके, उन्होंने हमारी धरती पर हमला किया है।÷ उन्होंने कहा कि वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए ÷दुष्ट÷ शासन को दंडित किया जाना चाहिए। ईरान के कानूनी मामलों के उपाध्यक्ष मोहम्मद देहकान ने कहा है कि देश सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर घातक हमले के लिए इज़राइल के खिलाफ मुकदमा दायर करेगा।



## भारतीय मूल के कारोबारी समेत दो की कनाडा में हुई गोलीबारी में मौत

**एजेंसी**

**ओटावा।** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में भारतीय मूल के एक कारोबारी (निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी के मालिक) समेत दो लोगों की मौत दिन दहाड़े हुई गोलीबारी में हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय समाचार चैनल ने खबर दी कि प्रांत में कैवनघ इलाके के एक रिहायशी क्षेत्र में उसी दिन पूर्वाह्न के समय गोलीबारी हुई और सूचना मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई की।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आपात चिकित्सा सेवा हरकत में आयी और उसने बताया कि 49 वर्षीय एवं 57 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है तथा 51 वर्षीय एक पुरुष गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कहा कि 51 वर्षीय व्यक्ति अभी अस्पताल में भर्ती है और उसके शरीर पर जानलेवा घाव हैं। मृत व्यक्तियों का पोस्टमार्टम मंगलवार और बुधवार को होना है। मृत भारतीय की पहचान एक निर्माण कंपनी के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में हुई है। उनकी पंजाबी समुदाय में अच्छी पकड़ थी।



## भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाई का जापान-अमेरिका मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाई का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही सहयोगियों के बीच सैन्य, आर्थिक और अन्य सहयोग को और बढ़ाने के लिए कई कदमों की घोषणा की। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री के सम्मान में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ऑस्ट्रेलिया के साथ एक विस्तारित रक्षा चक्रव्यूह बनाएंगे। ब्रिटेन के साथ त्रिस्तरीय सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। जापान को अमेरिकी नेतृत्व में शामिल होने के तरीके तलाशेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ गठबंधन किया जाएगा। बाइडेन ने यह भी घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एक जापानी अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर ले जाएगा। बाइडेन ने प्रधानमंत्री किशिदा के साथ व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसा पहली बार होगा। इस मौके पर किशिदा ने रूस के खिलाफ युद्ध में जापान के यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन की पुष्टि की। किशिदा ने कहा, यूक्रेन आजकल पूर्वी एशिया हो सकता है।



## नेपाली संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के उपाध्यक्ष पद पर नेकपा एमाले की जीत

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाली संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के उपाध्यक्ष पद पर नेकपा एमाले पार्टी ने जीत हासिल की है। नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार को पराजित करते हुए एमाले ने इस पद पर कब्जा किया है।

राष्ट्रीय सभा उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में नेकपा एमाले के उम्मीदवार विमला घिमिरे ने नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार विष्णु देवी पुडासैनी को हराया है।

55 सदस्यीय उच्च सदन में विमला घिमिरे के पक्ष में 39 सांसदों ने मतदान किया, जबकि कांग्रेस की उम्मीदवार पुडासैनी के पक्ष में 16 वोट पड़े। घिमिरे के पक्ष में एमाले के अलावा माओवादी, एकीकृत समाजवादी, जनता समाजवादी पार्टी ने मतदान किया, जबकि नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार को अपनी पार्टी के अलावा लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने मतदान किया। नेपाल में सत्ता समीकरण बदलने पर राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर पुनर्मतदान कराया गया। सभा के अध्यक्ष पद पर माओवादी के नारायण प्रसाद दाहाल पहले ही निर्वाचित हो चुके हैं। नेपाल के संविधान के मुताबिक संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अलग लिंग और अलग दल से होना चाहिए। अध्यक्ष पद पर माओवादी के तरफ से पुरुष उम्मीदवार की जीत के बाद उपाध्यक्ष पद पर महिला उम्मीदवार को खड़ा किया गया था।



## नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सभी विपक्षी दल एकजुट हुए, हंगामे के बाद संसद रविवार तक स्थगित

**एजेंसी**

**काठमांडू।** गृहमंत्री रवि लामिछाने सहित उनकी पार्टी के अन्य नेताओं की सहकारी घोटाला में शामिल होने की जांच के लिए संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। इसी मामले पर बुधवार को भी विपक्षी दलों ने संसद को अवरूद्ध किया। आज सदन अवरूद्ध होने के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे ने अगले रविवार तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया है।

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस पिछले कई दिनों से लगातार सहकारी घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच को लेकर संसदीय जांच समिति की मांग कर रही है। साथ ही पिछले 15 दिनों से लगातार संसद की कार्रवाई अवरूद्ध करती आ रही है। नेपाली कांग्रेस के इस मांग के समर्थन में अन्य विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी सहित अन्य छोटे दलों ने भी आज संसद अवरूद्ध किया है। इन सबकी मांग है कि जल्द से जल्द सरकार को एक संसदीय जांच समिति बनाकर देश में हुए सहकारी घोटाला की जांच की जाए। आज सदन अवरूद्ध होने के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे ने अगले रविवार तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया है। लगातार सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एकीकृत समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के उपनेता राजेन्द्र पाण्डे ने कहा कि सरकार को संयुक्त संसदीय समिति की जांच के लिए सकारात्मक रूख दिखाना चाहिए। इसी तरह एक अन्य सत्तारूढ़ दल जनता समाजवादी पार्टी के नेता राजकिशोर यादव ने कहा स्पीकर की कमजोरी के कारण बार-बार सदन स्थगित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्पीकर को चाहिए कि वो सरकार को इस बात के लिए रूलिंग दें, ताकि संसदीय समिति का गठन हो सके।



कांग्रेस की मांग पर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने समर्थन देते हुए संसदीय समिति की जांच की मांग दोहराई है। राप्रपा के सांसद ज्ञानेन्द्र शाही ने कहा कि नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री लामिछाने को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वो पद नहीं छोड़ रहे हैं तो संसदीय जांच समिति के गठन के बिना सदन को सुचारू नहीं होने दिया जाएगा। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के सांसद सर्वेन्द्रनाथ शुक्ला ने कहा कि जब सहकारी घोटाले की जांच चल रही थी तो अचानक सत्ता गठबंधन के बदलने और गृहमंत्रालय में मंत्री बदलने के बाद रवि लामिछाने के खिलाफ चल रही जांच अचनाक कैसे रूक गई। शुक्ला ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभाव का असर जांच पर दिख रहा है। इसलिए संसदीय जांच समिति ही हमारी मुख्य मांग है।

## इजरायली हमले में हमास नेता इस्माइल हानियेह के तीन पुत्रों की मौत

**गाजा।** गाजा सिटी में इजरायल के हवाई हमले में हमास राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह के तीन पुत्र और उनके तीन पोते-पोतियां मारे गये। हमास के मीडिया कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में उनके पुत्र कार पर हुए हमले में मारे गये।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाई का जापान-अमेरिका मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाई का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही सहयोगियों के बीच सैन्य, आर्थिक और अन्य सहयोग को और बढ़ाने के लिए बुधवार को कई कदमों की घोषणा की। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री के सम्मान में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ऑस्ट्रेलिया के साथ एक विस्तारित रक्षा चक्रव्यूह बनाएंगे। ब्रिटेन के साथ त्रिस्तरीय सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। जापान को अमेरिकी नेतृत्व में शामिल होने के तरीके तलाशेंगे। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ गठबंधन किया जाएगा।
बाइडेन ने यह भी घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एक जापानी अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर ले जाएगा। बाइडेन ने प्रधानमंत्री किशिदा के साथ व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, " ऐसा पहली बार होगा। इस मौके पर किशिदा ने रूस के खिलाफ युद्ध में जापान के "यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन" की पुष्टि की। किशिदा ने कहा, "यूक्रेन आजकल पूर्वी एशिया हो सकता है।"



## पाकिस्तान में ट्रक खाई में गिरा, 17 तीर्थयात्रियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के हब जिले में बुधवार रात करीब 11 बजे शाह नूरानी दरगाह जा रहे तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) सकरो वाजिद अली ने हादसे की पुष्टि की है।
जिओ न्यूज चैनल के प्रसारण के अनुसार हादसे में ट्रक ड्राइवर करीम बख्श भी घायल हो गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया गया है। यह ट्रक थट्टा से तीर्थयात्रियों को लेकर चला था। हताहत और घायल मकली के कासिम जोखियो गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में 15 की पहचान कर ली गई है। घायलों को कराची के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। शाह नूरानी दरगाह कराची से लगभग 200 किलोमीटर दूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है।

